26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 7 जुलाई , 2026

अंक- 253 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## मनसा देवी में बिना जेब वाले कपड़े पहनेंगे पुजारी



**हरिद्वार (चिंगारी)।** अयोध्या में राम मंदिर में चंदा चोरी के विवाद के बाद मां मनसा देवी मंदिर में दान व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए कमेटी का गठन कर दिया गया है। समिति में सात पुजारियों को शामिल किया गया है, सभी बिना जेब वाले कपड़े पहनेंगे। वहीं, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था और मजबूत कर दी गई है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने सभी पुजारियों को पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। श्रीमहंत ने कहा कि मंदिर में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंदिर में आने वाले चढ़ावे और दान की व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए समिति का गठन किया गया है। समिति में शामिल सातों पुजारी बिना जेब वाले कपड़े पहनेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मंदिर व्यवस्था से जुड़ा कोई भी व्यक्ति या पुजारी चढ़ावे और दान की राशि में हेराफेरी करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी : 70 घटनाएं सीसीटीवी में कैद

## गिनती करने वाले जेब-जूतों में नोटों की गड्डियां छिपाते दिखे, अनिल मिश्रा लापरवाह बने रहे- एसआईटी रिपोर्ट

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी में एसआईटी रिपोर्ट पहली बार सार्वजनिक हुई है। एसआईटी रिपोर्ट में निगरानी के नियम कमजोर करने का जिक्र है, चंपत राय और गोपाल का जिक्र नहीं है। अनिल मिश्रा और टिन्नू यादव की मुख्य भूमिका मानी गई है। साथ ही यह भी सामने आया है कि 27 अप्रैल से पहले भी चोरी होती रही। 70 बार चोरी कैमरे में कैद हुई है। राम मंदिर चढ़ावा चोरी की एसआईटी रिपोर्ट सामने आ गई है। इसके मुताबिक, गणना प्रक्रिया की निगरानी के नियमों को ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बदलकर कमजोर कर दिया। रिपोर्ट में अनिल मिश्रा की लापरवाही और चोरी में रामशंकर उर्फ टिन्नू यादव की मुख्य भूमिका बताई गई है। वहीं, रिपोर्ट में चंपत राय और गोपाल राव का कहीं भी जिक्र नहीं है। मंदिर परिसर में सोमवार को हुई ट्रस्ट की बैठक में रखी गई एसआईटी रिपोर्ट के मुताबिक 6 फरवरी 2025 को गणना प्रक्रिया की निगरानी को लेकर एसओपी तैयार की गई थी, इसमें तय किया गया था कि गणना कक्ष में किस-किसकी आवाजाही रहेगी, गणनाकर्मियों की एंट्री कब होगी और वे कैसे कपड़े पहनेंगे। गणना प्रक्रिया के पहले और बाद में कर्मियों की तलाशी भी होगी, लेकिन निगरानी नियमों को शिथिल कर दिया गया।




आदर्श आयुर्वेदा

गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें

धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी

जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।

गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।

पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर

मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश



DELHI PUBLIC SCHOOL
BIJNOR

WE ARE HIRING

HEAD ACCOUNTANT
Lead with Accuracy. Inspire with Integrity.
Salary- 30K-40K

FEMALE CASHIER
Salary- 20K-25K

INTERESTED? CONTACT US
+91 94568 98860


### गोपाल राव हटे

#### नये सीईओ के चयन को तीन सदस्यीय समिति गठित

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में संगठनात्मक बदलाव के तहत ट्रस्ट के आमंत्रित सदस्य गोपाल राव को उनके दायित्व से मुक्त कर दिया गया है। इससे पहले ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्र के इस्तीफे स्वीकार किए जा चुके हैं। इस बीच ट्रस्ट ने नये मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के चयन के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति में सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रदीप कोहली, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) विष्णुकांत चतुर्वेदी और सुरेश हावड़े को सदस्य बनाया गया है। यह समिति नये मुख्य कार्यकारी अधिकारी के चयन की प्रक्रिया पूरी कर अपनी संस्तुति ट्रस्ट के समक्ष प्रस्तुत करेगी। ट्रस्ट में हालिया प्रशासनिक बदलावों को राम मंदिर की व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।


KUNWAR SATYAVIRA
COLLEGE OF ENGINEERING & MANAGEMENT
27 years of Excellence
• Approved by AICTE, New Delhi • Affiliated to Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Lucknow

ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27

COURSES OFFERED
B.TECH. (BIO-TECH | CE | CSE | ECE | EE | ME)
SPECIALIZATION:
Artificial Intelligence & Machine Learning
Data Science & Inrenet of Things (IoT)
Green Technology & Sustainability Engineering
Robotics & Electric Vehicles

M.B.A. (FINANCE | HRM | IB | IT | OM | MARKETING)
BBA BCA

Heartiest Congratulations
PRANAV MALIK
B.TECH (CSE)
Batch 2022-2026
PLACED IN tcs TATA CONSULTANCY SERVICES
PACKAGE LPA - 7.09

EXCELLENT ACADEMICS | EXPERIENCED FACULTY | MODERN LABS & INFRASTRUCTURE | INDUSTRY INTERFACE | HIGH PLACEMENT OPPORTUNITIES

CAMPUS: Bijnor City, Bijnor (U.P.) India
8191002009, 8191004009
EMAIL: admission@ksvira.edu.in
WEBSITE: ksvira.edu.in



मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल
नहटौर

Enroll Now
प्रवेश प्रारम्भ
(2026-2027)

School Code: 81912 | Aff. No 2132822

हमारी विशेषताएं
अंग्रेजी उच्चारण में दक्षता हेतु विशेष कक्षाएं
सुंदर, स्वच्छ और आकर्षक शिक्षण कक्ष
विद्यार्थियों के लिए परिवहन सुविधा
स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से शिक्षण
कृत्रिम बुद्धिमता (AI) के द्वारा विभिन्न परियौजनाओं पर कार्य

Call : +918859232340
Website: www.mepsnehtaur.com
Add: झालू रोड नहटौर

# वन महोत्सव के सातवें दिन निकली प्रभात फेरी, अधिक से अधिक पौधे लगाने का दिया संदेश

## 250 बच्चों ने किया उत्साहपूर्वक प्रतिभाग



**बिजनौर (चिंगारी)।** वन महोत्सव-2026 के सातवें दिन मंगलवार को कलक्ट्रेट से इंदिरा पार्क तक प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट, आरजेपी स्कूल, केपीएस, प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन, रूट्स पब्लिक स्कूल, पर्यावरण प्रहरी सहित विभिन्न संस्थानों के लगभग 250 बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े स्लोगन लिखी तख्तियां हाथों में लेकर लोगों को हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सकेंद्र प्रताप सिंह ने प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अपने संबोधन में उन्होंने अधिक से अधिक पेड़ लगाने, प्रदूषण कम करने तथा प्रत्येक बच्चे से एक पेड़ मां के नाम लगाने और उसके पालन-पोषण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने जिले की सभी वन रेंजों से आए 24 बाघ मित्रों के दल को भी पीलीभीत टाइगर रिजर्व में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण के लिए रवाना किया। प्रशिक्षण के दौरान बाघ मित्र गुलदार से बचाव के उपाय सीखेंगे और प्रशिक्षण के बाद जिले के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। प्रभागीय निदेशक श्री जय सिंह कुशवाहा ने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनका संरक्षण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। प्रभात फेरी में क्षेत्रीय वन अधिकारी महेश गौतम, नीतीश कुमार, रचित चौधरी, हिमानी, मोतीलाल, हेमेंद्र सिंह सहित वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सात घंटे चली महापंचायत, एएसपी सिटी के आश्वासन पर समाप्त

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मंडी समिति परिसर में कल करीब सात घंटे महापंचायत चली। पंचायत में जिला बिजनौर के साथ मुजफ्फरनगर तक के बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। पंचायत में मुख्य रूप से आलोपुर प्रकरण में निष्पक्ष जांच कराने व निर्दोषों को बचाने के लिए आवाज बुलंद की गई। समस्या का समाधान न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी गई। महापंचायत में यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक, राष्ट्रीय संरक्षक राजेंद्र मलिक, युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगम्बर सिंह की उपस्थिति में एएसपी सिटी डॉ. केजी सिंह से आलोपुर प्रकरण में लम्बी वार्ता हुई। वार्ता में एएसपी सिटी ने आलोपुर प्रकरण में निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ विधिक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कानून का पालन सरकार का एजेंडा है। अगर कोई समस्या है तो प्रतिक्रिया न करें, बात करें। उन्होंने प्रकरण के निस्तारण के लिए मिल बैठकर हल निकालने का आश्वासन दिया। महापंचायत में राष्ट्रीय सचिव उम्मेद सिंह, कालू प्रधान, विजेंद्र बालियान, चौधरी बलराम सिंह, कुलबीर सिंह, हितेश चौधरी, इकबाल सिंह, अतुल बालियान, मौहम्मद हनीफ आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। किसान यूनियन के प्रतिनिधियों ने किसानों की समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर एसडीएम सदर रितु रानी, सीओ नजीबाबाद आकांक्षा गौतम, तहसीलदार संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

## फार्मासिस्ट की बाइक से पेट्रोल चोरी की घटना कैमरे में कैद

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर में खड़ी फार्मासिस्ट की बाइक से पेट्रोल चोरी कर लिया गया। बाइक से पेट्रोल चोरी करने की घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फार्मासिस्ट ने पुलिस को इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।







26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 7 जुलाई, 2026

# विरोधियों के निशाने पर भगवान राम हैं- जैन

## दोष सिद्ध होने तक अपराधी कहना अन्याय

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में राम मंदिर के चढ़ावे की चोरी की बात को स्वीकार किया है, पर इस मामले में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का बचाव करते हुए कहा कि दोष सिद्ध होने तक किसी को अपराधी कहना अन्याय है। विहिप के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव डॉ. सुरेंद्र जैन ने नयी दिल्ली में सोमवार को आयोजित एक विशेष प्रेसवार्ता में कहा कि इस मुद्दे पर राजनीति हो रही है और राजनीति करने वालों के निशाने पर असल में भगवान राम हैं। उन्होंने कहा हमने कभी नहीं कहा कि कोई चोरी नहीं हुई। मैं बार-बार कह रहा हूं चोरी हुई है, पूरा देश लज्जित है, दोषी पकड़े जाने चाहिएं और पहले दिन से कहा है फास्ट ट्रैक कोर्ट में




शीघ्रतम इन पर कार्यवाही होनी चाहिए। मुझे लगता है यह आपका कहना शायद हमारे प्रति अन्याय है कि हम यह मान रहे हैं कि चोरी नहीं हुई। ट्रस्ट को जो अभी तक करना चाहिए था, वो कर रहा है। आरोप लगे, एसआईटी का गठन इन्होंने स्वयं करवाया। सरकार ने नहीं किया, कोर्ट ने नहीं किया। बाकी मामलों में सरकार करती है या कोर्ट करती है, वो स्वयं बचने की कोशिश करते हैं, यहां ट्रस्ट ने बचने की कोशिश नहीं की। केवल यही नहीं, जैसे ही प्रारंभिक रिपोर्ट आई, हमने आठ लोगों पर तुरंत प्राथमिकी दर्ज करा दी। उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई शुरू हो गई। श्री जैन ने कहा विरोधियों के निशाने पर ये चढ़ावा चोर नहीं हैं। उनके निशाने पर चंपत जी भी नहीं हैं। उनके निशाने पर विश्व हिंदू परिषद या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी नहीं है। असल में उनके निशाने पर स्वयं भगवान राम हैं। ये लोग राम के प्रति आस्था समाप्त करना चाहते हैं, जो संघर्ष, जो बलिदान हिंदू समाज ने किया है। उसके इतिहास को ये लोग कलंकित करना चाहते हैं।

# यूपी में सक्रिय हुआ मानसून

## अगले सात दिन बारिश का दौर; पूर्वी हिस्सों में भारी से अति भारी वर्षा के आसार

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। मौसम विभाग के अनुसार अगले सात दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश, गरज-चमक, वज्रपात और तेज हवाओं का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 10 और 11 जुलाई को कहीं-कहीं भारी से अति भारी वर्षा होने का भी पूर्वानुमान जारी किया गया है। मौसम केंद्र, लखनऊ द्वारा सोमवार को जारी पूर्वानुमान के अनुसार आज सात जुलाई से पूर्वी उत्तर प्रदेश में वर्षा की गतिविधियां तेज होंगी और अनेक स्थानों पर बारिश होगी। 8 से 10 जुलाई तक प्रदेश के दोनों हिस्सों में व्यापक वर्षा का दौर जारी रहने के आसार हैं। मौसम विभाग ने आज सात जुलाई को प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के झोंकों, जिनकी गति 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है, की चेतावनी जारी की है। आठ और नौ जुलाई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है, जबकि 10 और 11 जुलाई को पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं भारी से अति भारी वर्षा का अनुमान है। पिछले 24



घंटों के दौरान प्रदेश के कई जिलों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। पूर्वी उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर के चुनार में सर्वाधिक 120 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी में 114 मिमी, आजमगढ़ के फूलपुर में 23 मिमी, जौनपुर में 22.4 मिमी, लखनऊ में 24 मिमी तथा प्रयागराज में 8 से 9.4 मिमी तक वर्षा दर्ज की गई। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हमीरपुर के राठ में सर्वाधिक 120 मिमी वर्षा हुई। इसके अलावा औरैया में 68.8 मिमी, जालौन के कालपी में 60 मिमी, ललितपुर के तालबेहट में 59 मिमी, संभल के गुन्नौर में 43 मिमी, बागपत के बरौत में 32 मिमी तथा बरेली, झांसी, महोबा, मेरठ और इटावा समेत कई जिलों में मध्यम से अच्छी बारिश दर्ज की गई।




## 12 जुलाई से शुरू होगी नांदेड़-टनकपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस

**मुरादाबाद ( एजेंसी/चिंगारी )।** रेल यात्रियों की सुविधा के लिए 12 जुलाई से नांदेड़-टनकपुर-नांदेड़ साप्ताहिक एक्सप्रेस का नियमित संचालन शुरू किया जाएगा। इस ट्रेन में वातानुकूलित (एसी), शयनयान (स्लीपर) और सामान्य श्रेणी के कोच लगाए जाएंगे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने सोमवार को बताया कि गाड़ी संख्या 17631 नांदेड़-टनकपुर एक्सप्रेस का संचालन 12 जुलाई से प्रत्येक रविवार को किया जाएगा। वहीं, वापसी दिशा में गाड़ी संख्या 17632 टनकपुर-नांदेड़ एक्सप्रेस का संचालन 14 जुलाई से प्रत्येक मंगलवार को होगा। निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार, गाड़ी संख्या 17631 नांदेड़ से रात 11:40 बजे रवाना होकर पूर्णा, बसमत, हिंगोली, वाशिम, अकोला, मलकापुर, खंडवा, इटारसी, रानी कमलापति, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, धौलपुर, आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन, कासगंज, बदायूं, बरेली जंक्शन, इज्जतनगर, पीलीभीत और खटीमा होते हुए अगले दिन सुबह 5:55 बजे टनकपुर पहुंचेगी।



**भली लगे या बुरी...**

# प्रदूषण भी लाभकारी?

प्रदूषण से नुकसान ही नहीं, लाभ भी है। पूछिये क्या लाभ है? बताते हैं। प्रदूषण का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसकी वजह से भारत में गर्मी का अहसास अपेक्षाकृत कम हुआ। अगर प्रदूषण नहीं होता तो इससे भी ज्यादा गर्मी का अहसास होता। पिछले कई दिनों तक जिस गर्मी व तपिश का अहसास देशवासियों को हुआ, अगर प्रदूषण नहीं होता तो और ज्यादा गर्मी महसूस होती। प्रदूषण के ही कारण भारतवर्ष में सूर्य की किरणें सीधे पृथ्वी पर नहीं पड़ती हैं। हमारे यहां सूरज की किरणें प्रदूषण में से छनकर पृथ्वी तक आ पाती हैं। जबकि यूरोप में चूंकि प्रदूषण नहीं है, इस कारण यूरोपीय देशों में सूरज की किरणें सीधे धरती पर पड़ती हैं, जिससे यूरोप वालों को इस बार भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

जी हां, ये नया रिसर्च भारत की एक जानी-मानी न्यूज एंकर ने किया है। नाम है- रूबिका लियाकत। वही रूबिका लियाकत, जो कई न्यूज चैनलों से होते हुए अब टाइम्स नाऊ नवभारत को सुशोभित कर रही हैं। मोहतरमा ने चैनल पर ज्ञान बाटते हुए यूरोप में पड़ रही भीषणतम गर्मी का जो विश्लेषण प्रस्तुत किया है, उसे अगर आपने सुना/देखा होगा तो अपना सिर धुन्न लिया होगा। यूरोपीय देशों के लोगों, विशेषकर वहां के पत्रकारों ने अगर यह कार्यक्रम देख लिया तो उन्हें अपने अल्पज्ञान और तुच्छ बुद्धि का अहसास हुआ होगा। रूबिका जी ने अपनी न्यूज की पाठशाला में जो पाठ पढ़ाया, उसे सुनकर हमारे जैसे अल्प ज्ञानी तो चक्कर में पड़ गये। लगता था कुछ भी हो जाये, लेकिन गोदी मीडिया प्रदूषण के लाभ नहीं बता पायेगा। लेकिन यह हमारा अल्प ज्ञान था। रूबिका लियाकत जी ने अपने कार्यक्रम में यह हैरतअंगेज कारनामा भी कर दिखाया। अपने शो में वह यूरोप में ज्यादा गर्मी पड़ने के कारण गिना रही थीं। उनमें से एक कारण प्रदूषण भी बताया। कहा कि यूरोप में प्रदूषण कम है, इसलिये वहां सूर्य की किरणें सीधे लोगों पर पड़ती हैं। जबकि दिल्ली के ऊपर प्रदूषण की परत है, जो सूर्य की किरणों को रोक देती है। इस कारण यूरोप में गर्मी का अहसास ज्यादा होता है, भारत में कम। बताओ इतनी बड़ी रिसर्च से दुनिया महरूम थी। कमाल यह भी है कि दशकों ने रूबिका जी के इस शोध पर कान कैसे धर लिये।

# बदलता बद्रीनाथ

## आस्था का धाम बना पर्यटन स्थल

**▶▶दीपक नौगांई 'अकेला'**

उत्तराखंड के गढ़वाल मंडल में चमोली जनपद के जोशीमठ से 44 किलोमीटर दूर 3133 मीटर की ऊंचाई पर पहुंचे तो एक तरफ बर्फ से ढकी चोटियां चमकती दिखाई देती हैं, तो दूसरी ओर घाटी में बहती अलकनंदा दहाड़ते स्वर में स्वागत करती है। यहीं पर है हिंदुओं का पवित्र धाम बद्रीनाथ। पर अब बद्रीनाथ पहले वाला बद्रीधाम नहीं रहा, जहां शांति थी, देवदार और भोजपत्र थे। अब यह धर्म क्षेत्र के साथ-साथ पर्यटन केंद्र के रूप में ज्यादा प्रतिष्ठित हो गया है। जोशीमठ से विष्णु प्रयाग के पास पुल पार कर दो विशालकाय पहाड़ियों के बीच से एक सर्पीला रास्ता बद्रीनाथ को जाता है। रास्ते भर अलकनंदा विपरीत दिशा में आपके साथ-साथ चलती है। भले ही नदी और आप विपरीत दिशा में जा रहे हों, पर हरे-भरे पहाड़ों से घिरे इस उनींदे रास्ते में बाल-सुलभ क्रीड़ा-कौतुक करती यह नदी जैसे अपने मोहपाश में बांध लेती है। पहले यह रास्ता वन-वे था, लेकिन अब सड़क काफी चौड़ी कर दी गई है। चौड़ी सड़क यानी ज्यादा गाड़ियों की भीड़।

बद्रीनाथ में भीड़तंत्र साफ नजर आता है। चारों ओर कंक्रीट का जंगल और बीच में मंदिर कहीं खो सा गया लगता है। नगर में तब्दील हो गए बद्रीनाथ में अधिकतर लोग अब जैसे मौज-मस्ती के लिए आते हैं। गंगाजल से आचमन करने की आदत है तो करेंगे ही, पर साथ ही टिन वाली कोल्ड ड्रिंक को धीरे-धीरे गटकने के बाद खाली टिन को हवा में लहराकर नदी में फेंकने की शहरी आदत भी बन गई है। सन्नाटे को चीरता हुआ टिन गुम हो जाता है अलकनंदा की अथाह गहराई में। पहले लोगों का विश्वास था कि बद्रीनाथ जाए बिना मुक्ति नहीं मिल सकती। यही कारण था कि पुराने वक्त में बद्रीनाथ की यात्रा को अंतिम यात्रा मानकर लोग घर-बार छोड़कर निकल पड़ते थे। दरअसल तब यात्रा मार्ग इतना दुर्गम था कि श्रद्धालु लौटने की उम्मीद कम ही रखते थे। आज के बद्रीनाथ की सुगमता को देखकर भले ही यह काल्पनिक लगे, पर सच यही था। जाहिर है, तब बद्रीनाथ जाना खुद को जोखिम में डालने से कम नहीं था। बद्रीनाथ वह स्थान है जहां भगवान विष्णु विराजते हैं। जहां नर-नारायण पर्वत और नीलकंठ चोटी है, और जहां से पांडव माणा गांव के रास्ते अपनी अंतिम यात्रा पर गए थे। यहां अलकनंदा नदी भी है, जो देवप्रयाग में भागीरथी से संगम कर गंगा नाम से बहती है। बद्रीनाथ में गंगा वह नहीं है, जो कानपुर या पटना में है। हालांकि यहां भी नदी में गंदगी जा रही है। कानपुर में नदी को देखकर लगता है कि डबरे में नहाकर कोई शूकर बीच सड़क पर खड़ा हो गया हो, और पटना में गंगा महिषी की तरह बेपरवाह होकर पसर गई है। ऐसे में अपने उद्गम स्थल पर भी गंगा में बदलाव दिखना लाजिमी है।



केदारनाथ धाम जाने के लिए जहां आपको पैदल यात्रा करनी पड़ती है, वहीं बद्रीनाथ तक आप सीधे वाहन से जा सकते हैं। पहले सड़क संकरी थी, वन-वे यातायात नियम लागू था और गेट सिस्टम के अनुसार वाहन छोड़े जाते थे। तब वाहनों की संख्या कम थी, लेकिन अब सड़क चौड़ी हो गई है तो वाहनों की संख्या भी बहुत बढ़ गई है। वाहनों की इस भारी संख्या से उपजा दबाव और उनका काला धुआं इस नाजुक हिमालयी क्षेत्र के पर्यावरण संतुलन को कितना नुकसान पहुंचा रहा होगा, यह आसानी से समझा जा सकता है। ज्यादा भीड़, ज्यादा दुकानें और ज्यादा होटल मतलब गंदगी भी ज्यादा। गंदगी ने बद्रीनाथ को भी अपना मित्र बना लिया है। जहां तप्त कुंड है वहां भी गंदगी दिखाई देती है। धर्म-कर्म के साथ अपने यहां आवश्यक रूप से गंदगी जुड़ ही जाती है। तप्तकुंड के गर्म पानी में अपने पाप धोने को लोग लालायित रहते हैं। जो लोग शहरों में रहते हुए गंगाजल को छूते तक नहीं, वे तप्तकुंड में गंगा का नाम लेकर डुबकी लगाते हैं। यही नहीं, कुछ लोग साबुन से कपड़े धोते हुए भी दिख जाते हैं और यह गंदगी सीधे अलकनंदा में समाती है। कभी बद्रीनाथ में आध्यात्मिक शांति मिलती होगी। कोई समय रहा होगा, जब यहां वन्य जीव विचरते थे या पेड़ों की पत्तियों पर ओसजन प्राणवायु के झोंके उछल-कूद करते थे। पर अब यहां वाहनों के ईंधन के धुएं से निकलती जानलेवा कार्बन मोनोऑक्साइड और ध्वनि प्रदूषण ज्यादा है। लोगों की भीड़, दुकानदारों की आवाज और होटल-धर्मशालाओं के जेनरेटरों की आवाज के साथ माहौल को मेले का रूप देने के लिए शोर का अटूट भंडार है। अब अलकनंदा के दोनों ओर खाली जमीन नहीं बची है। मुख्य मंदिर को चारों ओर से मकानों ने ढक सा दिया है।

# योगेन्द्र पाल बने भाकियू सेवा के जिलाध्यक्ष




**किरतपुर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन सेवा की एक मीटिंग ग्राम कसौर में संपन्न हुई। मीटिंग में मोहम्मद अकरम राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन सेवा के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी किसान और मजदूरों के हित में कार्य करें। इस अवसर पर मोहम्मद अकरम राष्ट्रीय अध्यक्ष ने योगेंद्र पाल सिंह ग्राम कसौर जिला बिजनौर को भारतीय किसान यूनियन सेवा में जिला अध्यक्ष बिजनौर बनाने की घोषणा की। मीटिंग में नसीम अहमद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोनिश अहमद, राष्ट्रीय सचिव हाफिज अब्दुल, कय्यूम उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद अरशद उस्मानी, जिला उपाध्यक्ष बिजनौर मोहम्मद शाहिद अल्वी, जिला उपाध्यक्ष बिजनौर संजीव प्रधान वारिस अलवी, शफीक अहमद, तालिब अहमद, इलियास, मुमताज, राशिद, आसिफ, दिलशाद, वजीर, इंतजार, उस्मान, इदरीस, कदीर, मोबीन, गुलशेर, शाहरुख, भूरा, अब्दुल्ला, छोटू, अजय, नरेश, जगराम, पंडित कपिल, असगर आदि उपस्थित रहे।

# आधारशिला में हुई बस्ता सज्जा प्रतियोगिता

**चांदपुर (चिंगारी)।** आधारशिला द स्कूल में प्री प्राइमरी विंग में बस्ता सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नर्सरी अ से सम्राट चौहान, दैविक सिंह चौहान, विशेष भाटिया और हितीक्षा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, वहीं नर्सरी व से श्री वशिष्ठ आरोही चौहान, अदिति यादव और फतेह सिंह, नर्सरी स से द्विज राणा, पूर्वांश, वेदांश त्यागी, आरोही के बस्ते सर्वश्रेष्ठ घोषित किये गये। कक्षा केजी जूनियर अ से विदित प्रताप सिंह, अतीक्षा यादव, मायरा भारद्वाज, गौरांश चौहान, मिराया कर्णवाल, केजी जूनियर ब से प्रज्ञा, अथर्व, आगामी, रुहान, सिद्रा, गुरपाग और मोहम्मद हामिज़, के जी जूनियर स से ओजस्वी राजपूत, तेजस्व, अनमोल वर्मा और याशिका सैनी, केजी जूनियर द से अथर्व कुमार, साक्षी, इक्षित, गर्विक चौहान, गीतांश वर्मा और शशांक तोमर के बस्ते सबसे अच्छे चुने गए। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में वंशिका त्यागी, दीपांशी अग्रवाल, स्तुति अग्रवाल और शिवानी अग्रवाल रहीं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक विवेक कर्णवाल एवं श्रीमती एकता कर्णवाल, प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता शर्मा, उपप्रधानाचार्य बिजेन्द्र सिंह नेगी और स्कूल- कोऑर्डिनेटर बबीता त्यागी आदि उपस्थित रहे।



# स्वयंसेवकों ने चलाया प्लास्टिकमुक्त अभियान



**हल्दौर (चिंगारी)।** राजा हरवंश सिंह इंटर कॉलेज हल्दौर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा 'प्लास्टिक मुक्त भारत एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अभियान' के अंतर्गत प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश देने हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान का शुभारंभ विद्यालय परिसर से किया गया। इसके पश्चात एनएसएस स्वयंसेवकों ने विद्यालय से रेलवे स्टेशन तक तथा मार्ग पर स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक कचरे का संग्रह कर लोगों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान नागरिकों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि प्लास्टिक प्रदूषण से भूमि जल एवं वायु प्रदूषित होती है, पशु-पक्षियों के जीवन पर संकट उत्पन्न होता है तथा मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार सलिल ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मणिकांत एवं शिक्षक मनोज कुमार, अवनीश कुमार ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्लास्टिक मुक्त भारत का संकल्प तभी सफल होगा जब प्रत्येक नागरिक प्लास्टिक के उपयोग को कम कर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाए।

# विधवा ने देवर व जेठ पर लगाया छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप

**महिला आयोग से लगाई न्याय की गुहार**

**स्योहारा (चिंगारी)।** थाना क्षेत्र के कस्बा सहसपुर निवासी एक विधवा महिला ने अपने देवर और जेठ पर छेड़छाड़, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता शाजिया ने आयोग को भेजे शिकायती-पत्र में बताया कि पति की करीब तीन वर्ष पहले मृत्यु के बाद से उसका देवर सरफराज उस पर गलत नज़र रखता था और विरोध करने पर धमकियां देता था। शिकायत के अनुसार, 4 जुलाई की रात आरोपी उसके कमरे में घुस आया और छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने पर उसका मुंह तकिये से दबाने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़िता का कहना है कि अगले दिन सरफराज अपने भाई लड्डन उर्फ मंसूर अहमद के साथ फिर घर पहुंचा, जहां दोनों ने मारपीट की, कपड़े फाड़े और अभद्रता की। महिला का आरोप है कि शिकायत करने पर उसकी ननद ने भी उसका साथ नहीं दिया। पीड़िता ने स्वयं और अपने तीन बच्चों की सुरक्षा की मांग करते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग से संबंधित आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने और निष्पक्ष कार्रवाई कराने की मांग की है। थाना अध्यक्ष संजय कुमार तोमर ने बताया कि मामला संपत्ति का है। प्रयास किया जा रहा है कि निस्तारण हो जाए अन्यथा सिविल में मामला भेजा जाएगा।

# मछली, मुर्गी, बकरी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त करें!

**हल्दौर (चिंगारी)।** पीएनबी आरसेटी हल्दौर के निदेशक मनीष कुमार गौतम ने बताया कि संस्थान पर मछली पालन, मुर्गी पालन और बकरी पालन का नि:शुल्क प्रशिक्षण जुलाई माह में शुरू होने वाला है, जो भी इच्छुक महिला और पुरुष सीखना चाहते हैं जिनकी उम्र 18 से 50 वर्ष के बीच है, वो पीएनबी आरसेटी हल्दौर पर अपना रजिस्ट्रेशन 06 जुलाई से 09 जुलाई तक पीएनबी आरसेटी हल्दौर पर आकर अपनी ऑनलाइन फेस केवाईसी जल्द से जल्द करा दें, जिससे इस प्रमाण पत्र से सरकारी बैंक लोन स्कीम्स में मदद होगी या कार्यालय के नंबर 01342 – 297897 पर भी अपना नाम लिखा सकते हैं। लेकिन फेस केवाईसी के लिए संस्थान पर आकर ही रजिस्ट्रेशन होगा। ट्रेनिंग लेने की पात्रता उम्र 18 से 50 वर्ष आधार कार्ड के अनुसार हो, डॉक्यूमेंट के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक की पासबुक, राशन कार्ड, चार फोटो, मार्क्स शीट, जाति प्रमाण-पत्र, जिसके घर से कोई समूह में हो तो समूह की पासबुक जिस पर तीन फोटो लगे होते हैं। सबकी फोटो कॉपी लेकर आएं।

# रोटरी क्लब ने किया वृक्षारोपण



**हल्दौर (चिंगारी)।** रोटरी क्लब हल्दौर द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत फलदार वृक्षों का रोपण किया। कार्यक्रम संयोजक रो.अनिल सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी मंडल 3100 की मंडलाध्यक्ष रो. पायल गौड़ के आह्वान पर रोटरी क्लब हल्दौर ने नहटौर रोड स्थित बालकों वाले तालाब के निकट रो.अमित सिंह के फार्म पर 20 फलदार वृक्षों का रोपण किया। रोटरी क्लब हल्दौर आगामी महीनों में भी समय-समय पर और वृक्षों का रोपण करेगा। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अभिषेक कुमार, धर्मेंद्र रस्तोगी, देवेंद्र रस्तोगी, नवीन कुमार एड., अनुज मारवाड़ी, प्रवीण रस्तोगी, अमित सिंह, जितेंद्र मारवाड़ी, प्रदीप कुमार, अशोक चौहान, राजीव शरण शर्मा, सुरेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# चंदा चोरों को सद्बुद्धि के लिये हनुमान चालीसा का पाठ किया



**चांदपुर (चिंगारी)।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे कार्यकर्ताओं ने अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर से चंदा चोरी करने वाले चोरों को सजा दिये जाने की मांग की तथा साथ ही उन्हें सद्बुद्धि देने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ व यहां आरती की गई। ग्राम तालिबपुर मंदिर में शिवसेना जिला प्रमुख विकास त्यागी व भवानी सेना प्रमुख श्रीमती सोनम त्यागी ने कहा कि अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर से चंदा करने से करोड़ों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। कार्यक्रम में भवानी सेना जिला प्रमुख सोनम त्यागी, सुमन त्यागी, अनुराधा त्यागी, मनोज त्यागी, उर्मिला देवी, राखी त्यागी, सलोनी त्यागी, लक्ष्मीकांत शर्मा, आदर्श त्यागी, आदेश त्यागी, हैप्पी, दुष्यंत त्यागी, आयुष त्यागी, सार्थक त्यागी, देव त्यागी, युग, जिगर त्यागी आदि मौजूद रहे।



# मुख्यमंत्री के रूप में धामी के पांच साल पूर्ण होने पर जश्न मनाया

## धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड ने विकास की नई ऊंचाइयां छुईं- अशोक वर्मा

**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पांच वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर उत्तराखंड राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष अशोक वर्मा के नेतृत्व में देहरादून स्थित दर्शन लाल चौक कैंप कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने मिठाई बांटकर, ढोल-दमाऊं की थाप पर नृत्य कर तथा आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया।



कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री खजान दास, दायित्वधारी विनय रोहिला, देहरादून नगर निगम के मेयर सौरभ थपलियाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुख्यमंत्री धामी के पांच वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों पर बधाई दी। कार्यक्रम स्थल पर जय श्री धामी और जय भाजपा के नारों से माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि धामी सरकार ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, जिनका लाभ समाज के सभी वर्गों को मिला है। कैबिनेट मंत्री खजान दास, मेयर सौरभ थपलियाल और विनय रोहिला ने भी मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और रोजगार के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी), भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई, महिला सशक्तिकरण, युवा स्वरोजगार योजनाएं और पिछड़ा वर्ग कल्याण से जुड़े फैसलों ने प्रदेश को नई दिशा दी है। कार्यक्रम में पूर्व महापौर सुनील उनियाल गामा, पार्षद संतोख नागपाल, विजयवर्धन डंडरियाल, पंकज मेसन, शेखर फुलेरा, राहुल अग्रवाल, रामलाल खंडूरी, कार्तिक वर्मा, संजय गर्ग, विजय बग्गा, सचिन वर्मा, अभिषेक वर्मा, रोहित बहल, अरविंद धवन, पी.सी. वर्मा, पंकज जौहर, राजीव श्रीवास्तव, गौरव गुप्ता, राजकुमार पाल, ललित कनौजिया, अंकित जुयाल, केशव उनियाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष से मिले डॉ. एन.पी. सिंह



प्रदेश अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते हुए डॉक्टर एनपी सिंह।

**धामपुर ( चिंगारी )।** 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की सक्रिय रूप से तैयारी कर रहे नगर के समाजसेवी चिकित्सक एवं श्री राम कॉलेज के चैयरमेन डॉ. एन पी सिंह ने आज प्रात: लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष का मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किया। मुलाकात के दौरान डॉ. एनपी सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष को धामपुर विधानसभा की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों से जनता फिर एक बार भाजपा की सरकार बनाना चाहती है। उन्होंने बताया कि वह भी क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में शामिल होने के साथ उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्षरत है। मुलाकात के दौरान डॉ. एनपी सिंह ने टीचर्स कॉलोनी स्थित पीर बाबा नासिर मियां की मजार की भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने के बारे में अवगत कराया तथा मजार की भूमि को छोड़कर शेष भूमि पर सड़क बनवाने की मांग भी की।

## शुगर मिल उपाध्यक्ष ने किया गन्ने की फसलों का निरीक्षण



**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा व सहायक उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से नूरपुर जोन के ग्राम मोहम्मद नसों व खासपुरा आदि का दौरा किया तथा रेड रोट व गन्ने की खेतो में लगने वाले रोग व बीमारी का निरीक्षण किया। उन्होंने जॉन इंचार्ज लाल बहादुर सिंह व गन्ना अधिकारी को निर्देशित करते हुए रोग ग्रसित गन्नो को खेत से बाहर निकाल कर नष्ट कर देने को निर्देशित किया। उन्होंने सीटीपीआर का उपयोग करने व ट्रिकोडरमा का घोल बनाकर सिंचाई के साथ उपयोग करने पर बल दिया।

## बारिश हुई झमाझम, सुहावना हुआ मौसम

**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** चिड़िया पुर क्षेत्र में आज अचानक हुई बारिश ने उमस और गर्मी से परेशान लोगों को बड़ी राहत दी। तेज धूप के बाद अचानक काले बादल छाए और कुछ देर में तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आने से मौसम सुहावना हो गया। लोगों ने घरों की छतों और गली-मोहल्लों में निकलकर ठंडी हवा का आनंद लिया। बच्चों ने भी बारिश में जमकर मस्ती की। व्यापारियों और किसानों के चेहरे भी खिल उठे। लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी में इस बारिश ने राहत दी है।

## ओवर ब्रिज का अधूरा निर्माण शीघ्र पूरा कराने की मांग

**धामपुर ( चिंगारी )।** मंडी युवा व्यापार संगठन के अध्यक्ष अजय कुमार पिंटू, महामंत्री नवनीत धनोरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपुल जैन, कोषाध्यक्ष मनोज धनोरिया ,अभिषेक मोदी, विवेक कुमार, राजीव कुमार ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं नितिन गडकरी केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को रजिस्टर्ड डाक से पत्र भेजकर नजीबाबाद और हरिद्वार के बीच अधूरे बने हुए ओवर ब्रिज को शीघ्र पूरा करके मुख्य सड़क हाईवे से शीघ्र जोड़े जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि जनवरी 2027 में हरिद्वार में अर्ध कुंभ का बड़ा मेला रहेगा जिसमें करोड़ों की संख्या में साधु, महात्मा एवं श्रद्धालु आएंगे। ऐसे में पुल और सड़क का निर्माण न होने से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा इसलिए यह कार्य शीघ्र किया जाना आवश्यक है।

## बालटाल से अमरनाथ गुफा के लिए शिवभक्त हो गये रवाना

**धामपुर ( चिंगारी )।** भगवान भोलेनाथ में श्रद्धा, भक्ति और आस्था लेकर जो शिवभक्त बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए पावन अमरनाथ गुफा जाने के लिए मन में संकल्प लेकर घर से निकलते हैं तो भगवान भोलेनाथ उनकी प्रार्थना अवश्य ही सुनते हैं। ऐसा ही हुआ धामपुर से गए हुए छ शिव भक्तों के साथ। धामपुर से शिव भक्त बिना रजिस्ट्रेशन के बालटाल कश्मीर पहुंच गए, परंतु उन्हें वहां रजिस्ट्रेशन नहीं मिल पा रहा था। दो दिन तक हाथ पांव मारने के बाद आखिरकार श्री शिव शक्ति सेवा मंडल बुढलाड़ा पंजाब की शाखा धामपुर के संयोजक सुनील अग्रवाल पचरंगी के प्रयास से उनका रजिस्ट्रेशन हो गया, जिससे आज सुबह सुनील अग्रवाल पचरंगी, पुलकित जैन, शुभम महेश्वरी, ध्रुव महेश्वरी, अमित चौहान, शिवराज चौहान आदि बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए बालटाल से 14 किलोमीटर दूर अमरनाथ गुफा की ओर रवाना हो गए, जिससे उनके परिजनों ने राहत की सांस ली। धामपुर से बाबा अमरनाथ बर्फानी के दर्शन करने वाले यह सबसे पहले श्रद्धालु है।

## युवक बर्बरता मामला : करंट और गर्म रॉड से दागने के आरोपों की नहीं हुई पुष्टि, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**देहरादून ( चिंगारी )।** राजधानी देहरादून में युवक के साथ कथित बर्बरता और उत्पीड़न के मामले में नया मोड़ सामने आया है। पुलिस जांच में पीड़ित के साथ मारपीट की पुष्टि हुई है, लेकिन करंट लगाने और गर्म लोहे की रॉड से दागने जैसे गंभीर आरोपों के समर्थन में कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले हैं।

जानकारी के अनुसार, जाखन निवासी युवक ने 4 जुलाई को कोतवाली पटेलनगर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि 3 जुलाई की शाम लालपुल क्षेत्र में पैदल जाते समय एक तेज रफ्तार स्कूटी ने उसे टक्कर मार दी। स्कूटी चालक अंकुर वाल्मीकि और उसके साथी साहिल ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की तथा बाद में उसे जबरन निरंजनपुर सब्जी मंडी स्थित एक दुकान में ले गए। पीड़ित का आरोप था कि वहां उसे बंधक बनाकर मारपीट की गई, करंट लगाया गया और गर्म लोहे की रॉड से दागा गया। युवक ने किसी तरह वहां से निकलकर परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद उसे उपचार के लिए दून अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।



जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और चिकित्सकीय रिपोर्टों का परीक्षण किया। सीओ सदर अंकित कंडारी ने बताया कि डॉक्टरों के बयान, चिकित्सकीय परीक्षण और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पीड़ित को करंट देने अथवा गर्म लोहे की रॉड से दागने संबंधी कोई प्रमाण नहीं मिला है। हालांकि, युवक के साथ मारपीट किए जाने के पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं। जांच में यह भी सामने आया कि घटना के दौरान पीड़ित आजाद सिंह और आरोपी अंकुर वाल्मीकि के बीच टक्कर के बाद विवाद हुआ था। इसी दौरान आरोपी का मोबाइल फोन गिरकर टूट गया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। पुलिस के मुताबिक, अंकुर ने अपने साथियों को बुलाया और पीड़ित को मंडी क्षेत्र में ले जाकर उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस का कहना है कि विवेचना के दौरान सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मामले में सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच जारी है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 24 शिकायतें आईं, तीन मौके पर निपटाईं

## डीएम ने कहा- शिकायतकर्ता को चक्कर न काटने पड़ें



**बिजनौर ( चिंगारी )।** तहसील सदर में सोमवार को जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन मामलों में स्थलीय जांच आवश्यक हो, उनमें संबंधित अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और तथ्यात्मक आख्या प्रस्तुत करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी इस कार्य को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्तमान एवं लंबित शिकायतों का निर्धारित समयावधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर रितु रानी, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिलाओं ने किया पौधारोपण

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एलएनएस क्लब चांदपुर के तत्वावधान में महिलाओं ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंजू त्यागी ने कहा कि वृक्ष मनुष्य जीवन के लिए बहुत उपयोगी है। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने पर जोर दिया। इस अवसर पर श्रीमती दीपाली गर्ग, तनु भाटिया, प्रीति चौधरी,नीतू अरोड़ा आदि महिलाएं मौजूद रहीं।




## सिंचाई विभाग ने मध्य गंगा नहर में छोड़ा 500 क्यूसेक पानी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पहाड़ों पर हो रही बारिश के बाद गंगा में जलस्तर बढ़ने से सिंचाई विभाग ने सोमवार सुबह मध्य गंगा नहर फेज-वन में 500 क्यूसेक पानी छोड़ दिया। विभाग के अनुसार शुरुआत में कम मात्रा में पानी छोड़ा जाता है, जिसे चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर नहर की क्षमता के अनुरूप किया जाएगा। इससे बिजनौर समेत मुजफ्फरनगर, मेरठ, बुलंदशहर, अलीगढ़ और गाजियाबाद के किसानों को खरीफ फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों के मुताबिक नहर में पानी एकदम से पूरी क्षमता के साथ नहीं छोड़ा जाता। पहले दो-तीन घंटे तक लगभग 500 क्यूसेक पानी छोड़ा जाता है, इसके बाद जल प्रवाह को धीरे-धीरे बढ़ाया जाता है। लगभग 24 घंटे में डिस्चार्ज को नहर की क्षमता के अनुसार कर दिया जाता है।




गंगा बैराज पर जलस्तर बढ़ने के बाद ही नहर का संचालन संभव हो सका। विभाग के अनुसार नहर में पानी छोड़ने के लिए समुद्र तल से 221.500 मीटर जलस्तर आवश्यक होता है। इसी स्तर को बनाए रखने के लिए बैराज के गेटों का संचालन किया जाता है। यदि गंगा में निर्धारित स्तर से अधिक पानी आता है तो अतिरिक्त पानी बैराज के फाटक खोलकर आगे प्रवाहित कर दिया जाता है। विभाग के अनुसार नहर में पानी पहुंचने से हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई होगी। धान, गन्ना, मक्का और अन्य खरीफ फसलों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। किसानों को निजी नलकूपों पर निर्भरता भी कम करनी पड़ेगी।

### नहर के किनारे आवाजाही न करें

**सिंचाई विभाग ने नहर के आसपास रहने वाले लोगों से अपील की है कि पानी का बहाव लगातार बढ़ेगा, इसलिए नहर के किनारे अनावश्यक आवाजाही न करें। बच्चों को नहर के पास जाने से रोकें और तेज बहाव के दौरान नहर में उतरने या पार करने का प्रयास न करें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।**


धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com


## आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी रूपेंद्र की ज़मानत अर्ज़ी खारिज

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विशेष अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) सुनील कुमार तृतीय की अदालत ने आत्महत्या के लिए उकसाने के गंभीर मामले में रूपेंद्र की जमानत याचिका निरस्त कर दी है। विशेष लोक अभियोजक शलभ शर्मा के अनुसार थाना किरतपुर क्षेत्र के गांव राजारामपुर निवासी खेमेन्द्र कुमार पुत्र अमर सिंह ने नौ मार्च 2026 को मुकदमा दर्ज कराया था। शिकायत में कहा गया कि वह अपने पिता अमर सिंह के साथ घर के मुख्य द्वार का निर्माण करा रहे थे। इसी दौरान गांव के यशपाल, कपिल, भूपेंद्र, जोगेंद्र, कर्मेंद्र और रूपेंद्र वहां पहुंचे तथा कथित रूप से गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपियों ने निर्माणाधीन दरवाजे का पिलर भी तोड़ दिया और निर्माण कार्य रुकवा दिया।



शिकायतकर्ता के अनुसार घटना की जानकारी पुलिस, जिलाधिकारी तथा मुख्यमंत्री कार्यालय तक दी गई, लेकिन आरोपियों के विरुद्ध समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे उनके हौसले बढ़ गए और वे लगातार पीड़ित परिवार को कथित रूप से जातिसूचक शब्द कहकर प्रताड़ित करते रहे। तीन अप्रैल 2026 को अमर सिंह नहर के पास गंभीर अवस्था में मिले। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के कपड़ों से तीन सुसाइड नोट बरामद हुए, जिनमें कथित रूप से आरोपियों की प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात लिखी गई थी। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश (एस सी-एस टी एक्ट) श्री सुनील कुमार ने याचिका पर सुनवाई के दौरान उपलब्ध तथ्यों और आरोपों की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए रूपेंद्र की जमानत याचिका निरस्त कर दी।

# किसान मजदूर संगठन ने प्रदर्शन किया, मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन दिया

## गन्ना भुगतान, कृषि ऋण माफी, 550 रुपये प्रति क्विंटल गन्ना मूल्य और किसान पेंशन समेत कई मांगें उठाई

**बिजनौर (चिंगारी)। किसान मजदूर संगठन (पूरन) के बैनर तले मंगलवार को किसानों, मजदूरों एवं ग्रामीण जनता की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया। संगठन से जुड़े किसान नुमाइश ग्राउंड में एकत्र हुए और प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।**

ज्ञापन में गन्ना किसानों का बकाया भुगतान तत्काल कराने, भुगतान में देरी करने वाली चीनी मिलों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने, गन्ने का राज्य परामर्शित मूल्य (एसएपी) बढ़ाकर 550 रुपये प्रति क्विंटल करने, किसानों का कृषि ऋण माफ करने, 50 वर्ष की आयु के बाद 5,000 रुपये मासिक किसान पेंशन देने, जैविक खेती के लिए प्रति एकड़ 50 हजार रुपये का अनुदान देने तथा डीएपी-यूरिया की कृत्रिम कमी समाप्त करने की मांग की गई। इसके अलावा नमामि गंगे योजना के तहत नदियों के पुनर्जीवन, खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता और गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण गंगा नदी के किनारे कराने की भी मांग उठाई गई। प्रदर्शन में पुखराज सिंह, नौबहार सिंह, सुशील चौहान, जितेंद्र सिंह, रीता देवी, प्रीति राजपूत, शोभा राजपूत, सुरेश कुमार, रामकुमार सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# खेत पर बेहोश पड़ा मिला ई-रिक्शा चालक टिंकू अस्पताल पहुंचने से पहले मौत


घटनास्थल का निरीक्षण करते सीओ

**गंज (चिंगारी)।** ग्राम गंज दारानगर निवासी टिंकू 30 वर्ष पुत्र विजय सिंह की गत रात्रि अपनी पत्नी सुरेखा से डेढ़ सौ रुपए मांगने पर कहासुनी हो गई। टिंकू अपनी ई-रिक्शा लेकर घर से चला गया तथा रात को वापस नहीं लौटा, सुबह पड़ोसी जयप्रकाश निवासी दारानगर जो अपने खेत पर लौकी तोड़ रहा था,ने टिंकू के घर सूचना दी कि टिंकू अपने खेत पर ई-रिक्शा के पास पड़ा है। सूचना पर टिंकू का बहनोई आनंद खेत पर गया। आनंद ने पुलिस को बताया कि जब वह टिंकू के पास पहुंचा तो टिंकू बेहोश अवस्था में था तथा उसके सिर पर हल्की चोट लगी थी, जिससे खून निकला हुआ था। आनंद टिंकू को घर उठा लाया तथा परिजनों के साथ बिजनौर उपचार के लिए ले गया। बिजनौर में डॉक्टर ने टिंकू को मृत घोषित कर दिया, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। टिंकू की मां, पत्नी, बहन सहित परिजनों का आरोप है कि टिंकू की हत्या की गई है, जिस पर एसपी सिटी डॉ. केजी सिंह ने परिजनों को समझाते हुए धैर्य रखने को कहा तथा आश्वासन दिया कि पुलिस घटना की सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। वहीं सीओ अभय कुमार पांडे का कहना है कि पी.एम. के बाद ही मृत्यु के सही कारणों का पता चल सकेगा। टिंकू के पड़ोसियों का कहना है कि टिंकू नशे का आदी था। टिंकू के दो बेटी तथा एक बेटा है। तीनों बच्चे बहुत छोटे-छोटे हैं।

# घर में घुसे सांप को रेस्क्यू किया



**नहटौर (चिंगारी)।** ग्राम तालमपुर में स्थित एक घर में घुसे सांप को सर्प मित्र बी. भास्कर ने रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया। ग्राम निवासी मदन सैनी के घर में कहीं से सांप घुस गया। सूचना पर पहुंचे बी.भास्कर ने सांप को बड़े बॉक्स के पीछे से रेस्क्यू कर पकड़ लिया और उन्होंने बताया कि यह सांप इंडियन रेट स्नेक है, जिसे सामान्य भाषा में घोड़ा पछाड़ भी कहते हैं। उन्होंने बताया कि सभी सर्प विषैला नहीं होते हैं अत: सांपों को नहीं मारना चाहिए। यह परिस्थिति तंत्र का एक मजबूत हिस्सा होते हैं। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू किए गए सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।

## आज का विचार

# सिया, यह तू ने क्या कर दिया, ना नहीं की, मर्डर कर दिया?

-हिंदुस्तानी



पुणे की सिया पर आरोप है उसने अपने मंगेतर केतन का अपने प्रेमी चेतन के साथ मिलकर मर्डर कर दिया। वह साहस करके इस शादी को ना भी बोल सकती थी, लेकिन उसने दुस्साहस दिखाते हुए अपने होने वाले पति को खाई में धक्का दे दिया। हाल ही में इस तरह की और भी घटनाएं सामने आई हैं। मेघालय में हनीमून के दौरान राजा रघुवंशी को विवाह के चौदह दिन बाद ही उसकी पत्नी ने मार दिया था। दिलीप यादव की सुपारी हत्या का आरोप है। मर्चेंट नेवी अफसर सौरभ राजपूत का ब्ल्यू ड्रम हत्याकांड पहले ही कुख्यात हो चुका है। सब्ज़ी विक्रेता धन्ना लाल सैनी की हत्या भी मीडिया में सुर्खियां बनी थीं। देहरादून का राजेश गुलाटी हत्या केस लोगों के दिमाग में अभी तक ताज़ा है। एक सर्वे एजेंसी के आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं और लड़कियों द्वारा अपने पतियों या प्रेमियों को खुद मार देने या सुपारी किलर से हत्या कराने के सालभर में 300 केस सामने आते हैं तो पतियों या प्रेमियों द्वारा पत्नियों और प्रेमिकाओं को इसी तरह कत्ल करने के एक साल में 7000 मुकदमे दर्ज होते हैं। इस जानकारी से यह गलतफहमी दूर हो जानी चाहिए कि लेडीज़ या प्रेमिकाएं बड़े पैमाने पर इस तरह की हत्याएं कर या करा रही हैं। सच यह है कि पुरुष प्रधान समाज में आज भी इस तरह के अपराध के मामलों में मर्द औरतों से बहुत आगे हैं। हमारा मकसद यहां हत्यारी महिलाओं, प्रेमिकाओं और पत्नियों को क्लीन चिट देना नहीं है, लेकिन इन चंद घटनाओं से यह निष्कर्ष निकालना कि अब महिलाएं, पुरुषों की तरह क्रूर और ज़ालिम हो चुकी हैं, थोड़ा जल्दबाजी होगी। कुछ मामलों में प्रेमी, प्रेमिकाएं जबरन अनचाहा रिश्ता होने से आत्महत्या भी कर लेते हैं। सिया, केतन और चेतन का ही केस गौर से गहराई से और आराम से देखें तो पता चलता है कि सिया अपने माता-पिता के असहनीय दबाव में इस अनचाही शादी के लिये ना बोलने का साहस नहीं दिखा पाई और उसने अपने प्रेमी चेतन के साथ मिलकर केतन को कुछ इस तरह ठिकाने लगाने की साज़िश रची जिससे सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे। लेकिन हुआ उल्टा। वह अपने अरबपति परिवार को इस शादी के लिए मना करके इसलिए भी नाराज़ नहीं करना चाहती थी, क्योंकि वे उसे ऐसा करने पर अपनी संपत्ति घर और परिवार से अलग करने की चेतावनी दे रहे थे। वे परिवार की साख और सम्मान भी खराब होने की दुहाई दे रहे थे। सिया उनका दिल भी नहीं तोड़ना चाहती थी, लेकिन अपने प्रेमी को भी नहीं छोड़ना चाहती थी। वह भारी द्वंद्व और कशमकश में फंसी हुई थी। हमारा कहना है कि परिवार बच्चों को अच्छी समझ, शिक्षा और संस्कृति सिखायें, जिससे वे शादी के मामलों में उनकी बात मानें लेकिन अगर वे सहमत नहीं हो पाएं तो बेटे, बेटियों को जबरदस्ती जान लेने या जान देने को कभी भी मजबूर नहीं करें।

## सूचना

पहले मेरा नाम Nazimuddin था। मैंने अपना नाम Nizamuddin रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम से जाना व पहचाना जाये। Nizamuddin S/o Nasim Ahmad Vill Lahak Kala, Post Mandawali, Bijnor

## Information

In school record of my daughters Jannat zaidi My name Mohsin Husain is written wrongly, my correct name is Mohd Mohsin and my daughters name Jannat Zaidi Mohd Mohsin S/o Tufik husain R/o Mohalla Islam Nagar, Jalalabad Tehsil Najibabad Distt. Bijnor U.P.

# द हेज़लमून स्कूल की छात्रा प्रियांशी तोमर ने जीता स्वर्ण पदक

**चांदपुर (चिंगारी)।** प्रोमिथियस स्कूल, नोएडा में आयोजित तीन दिवसीय प्रोमिथियस स्पोर्ट्स लीग शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन 3 जुलाई से 5 जुलाई तक किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में द हेज़लमून स्कूल चांदपुर की प्रतिभाशाली छात्रा प्रियांशी तोमर (कक्षा-5) ने 10 मीटर एयर राइफल महिला वर्ग (यूथ) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक एवं ट्रॉफी जीतकर विद्यालय, अपने परिवार तथा पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने प्रियांशी तोमर को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रियांशी की यह उपलब्धि विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रियांशी की यह सफलता उसके निरंतर अभ्यास, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है।



# नजीबाबाद भ्रमण पर आये विदेशी मेहमानों ने अखाड़े में प्रदर्शन किया

## भारतीय खेलों को बढ़ावा देना उद्देश्य बताया

नजीबाबाद (चिंगारी)। विश्व भर में पुरानी सभ्यताओं व विश्व पटल पर भारत के पूर्वजों की सभ्यता, खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत भ्रमण पर निकले स्पेन की स्पैनिश फ्लो एकेडमी के चेयरमैन संत यागो लौरका अपने उत्तराखण्ड भ्रमण के बाद नजीबाबाद के मौहल्ला संतोमालन में प्रसिद्ध मेहरबान अली अखाड़े में पहुंचे, जहां उन्होंने खिलाड़ियों से विस्तार से बल्लम, मुदगड़, बाना, मंगुरी जैसी भारतीय कलाओं का प्रदर्शन देखने के बाद खुद भी सभी कलाओं का प्रदर्शन किया। उन्होंने अच्छा प्रदर्शन कर उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। साथ ही



अखाड़े में बल्लम देखते विदेशी मेहमान व अन्य लोग।

उन्होंने कहा कि वह दो महीने तक भारत के नगरों ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर भारतीय खेलों की प्रतिभाओं से मुलाकात करेंगे तथा भारत के खेलों को विश्व पटल पर ले जाकर अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। भारतीय खेलों व प्रतिभाओं को प्रोत्साहन करने का काम करेंगे। वह अपने चैनल सोशल मीडिया के माध्यम से भारत के पूर्वजों के खेलों को बढ़ावा देने का काम करेंगे। इस अवसर पर इंटरनेशनल ब्रांड एंबेसडर महताब खान चांद ने अखाड़े में पहुंचे तीनों अतिथियों का भारत की ओर से जबकि अखाड़े के खलीफा इरशाद अहमद, चैम्पियन शहबाज अली, फैज खान, जुनैद अहमद, अरशद अली, कामरान सैफी, मकसूद अली, शैबी, शुजात खां जादा, अफनान अहमद, मखदूम खां, गयाज खां आदि ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर काफी संख्या में क्षेत्र के लोग व खिलाड़ी मौजूद रहे। उन्होंने वहां काफी समय तक विदेशी मेहमानों की प्रतिभा का प्रदर्शन देखा।

# डीएम ने विधायक व व्यापारियों को न्यायपूर्ण कार्य होने का भरोसा दिलाया



नजीबाबाद (चिंगारी)। विधायक हाजी तसलीम अहमद एवं व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ के नेतृत्व में व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी बिजनौर श्रीमती जसजीत कौर से बिजनौर पहुंचकर उनके कार्यालय में मुलाकात की। डीएम को नजीबाबाद के बाज़ार कल्लूगंज के व्यापारियों की दुकानें नगरपालिका द्वारा बुलडोजर से ध्वस्त किए जाने के लिए नोटिस जारी किये जाने के संबंध में अवगत कराया गया। डीएम ने नजीबाबाद विधायक तसलीम अहमद एवं जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ की बात को गंभीरता से लेते हुए पूरी बात विस्तार से बात सुनकर आश्वस्त किया कि न्यायपूर्ण कार्य होगा, कोई भी कार्य अन्यायपूर्ण नहीं होगा। वह स्वयं इसकी पूरी जांच करेंगी। इसके बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। अभी फिलहाल किसी भी व्यक्ति की दुकान ध्वस्त नहीं की जाएगी। इसके लिए विधायक हाजी तसलीम अहमद एवं व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने डीएम को धन्यवाद दिया। व्यापारियों ने डीएम के इस आश्वासन के बाद राहत की सांस ली। व्यापारियों ने डीएम के व्यवहार की प्रशंसा की। इस मौके पर विजय वर्मा, इबादुर रहमान, राघवेश्वरी, इकबाल चैधरी, अनवर खां मंसूब, इकबाल ठेकेदार, सरफराज, राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने सेवा सप्ताह के अंतर्गत वृक्षारोपण किया




नजीबाबाद (चिंगारी)। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल जिला बिजनौर के तत्वावधान में सेवा सप्ताह के अंतर्गत जिला संयोजक अरुण चौधरी के नेतृत्व में मालिनी नगर के संत रविदास मंदिर जाब्तागंज में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें 100 पौधे लगाने का लक्ष्य नगर में कम से कम रहेगा। अरुण चौधरी ने बताया की बजरंग दल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष की सेवा सप्ताह जिले में चलाया जा रहा है। जिसमें नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर व वृक्षारोपण 5 से 12 जुलाई तक पखवाड़े के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष हिंदू परिषद राजीव गुप्ता, जिला सुरक्षा प्रमुख अभिषेक त्यागी, नगर मंत्री दिनेश खन्ना, नगर संयोजक ओमकार कैशले, नवनीत चतुर्वेदी, ऋषिपाल, दुष्यंत कुमार, प्रथम सिंघल, अमन शर्मा, संदीप आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उधर अभिषेक त्यागी ने बताया कि कछियाना बस्ती में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें दांतों की जांच, जनरल फिजिशियन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, ब्लड जांच व दवाइयां नि:शुल्क दी जाएगी।

# मौ. फैज भारतीय युवा कांग्रेस के नजीबाबाद विधानसभा अध्यक्ष बने



नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय युवा कांग्रेस ने संगठन को जमीनी स्तर पर अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कस्बा साहनपुर निवासी एडवोकेट मोहम्मद फैज को नजीबाबाद विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया है। जिला अध्यक्ष ठाकुर गौतम सिसोदिया द्वारा ने नियुक्ति पत्र में एडवोकेट मोहम्मद फैज पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा है कि वे अपनी ऊर्जा, समय एवं समर्पण के साथ संगठन को बूथ एवं जमीनी स्तर तक मजबूत करने का कार्य करेंगे तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# एचपीसीएल के नए एलपीजी बॉटलिंग प्लांट का उद्घाटन

**नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के नए बॉटलिंग प्लांट का उद्घाटन किया गया। नए एलपीजी बॉटलिंग प्लांट के शुभारंभ को उर्जा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया। प्लांट के संचालन, सुरक्षा मानकों व भविष्य की कार्य योजना पर चर्चा की गई। इस अवसर पर एचपीसीएल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बरेली पंकज, सेल्स आफिसर देहरादून एरिया सुनील कुमार आदि मौजूद रहे। समारोह में सभी अधिकारियों व अतिथियों का डीलरों की ओर से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।**




# सामाजिक कार्यकर्ता शादाब को शील्ड देकर सम्मानित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नाज़ हॉस्पिटल एवं अर्शीन ब्लड सेवा टीम नहटौर द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में नजीबाबाद के सामाजिक कार्यकर्ता शादाब को उनके अच्छे कार्यों के लिए शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मोहम्मद शादाब, डॉ. नाजिम, महबूब शेख, जावेद सिद्दीकी, मुकीम चैधरी, फैसल राणा, ख्वानी अंसारी, विनीत चैधरी, जहांगीर अंसारी, आफताब अहमद सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नजीबाबाद में काफी कम बारिश से लोग गर्मी में झुलसे

नजीबाबाद (चिंगारी)। जून का महीना पूरा निकल जाने तथा इसके बाद भी नजीबाबाद में एक दो बार रिमझिम बारिश को छोड़कर अब तक तेज बारिश न होने तथा काफी कम बारिश होने से लोग गर्मी में झुलस रहे है। नजीबाबाद में पिछले कई दिनों से बादल तो आ रहे है, मगर सारे दिन आसमान में घूमने के बाद बिना बरसे ही जा रहे है, जिससे गर्मी में लोगों का बुरा हाल है। भीषण गर्मी में लोग पसीना-पसीना हो रहे है। आज सुबह से ही आसमान में बादल छाने के बाद केवल रिमझिम बारिश की बूंदे पड़ने से गर्मी लोगों को और सता रही है। दो दिन पूर्व भी बारिश की कुछ बूंदे ही पड़ने से गर्मी और बढ़ गई थी। नजीबाबाद से मात्र 25 किलो मीटर दूर कोटद्वार में 15 जून के बाद से ना जाने कितनी बार तेज बारिश पड़ चुकी है। मगर नजीबाबाद में अभी तक कई महीने से एक भी तेज बारिश नहीं पड़ी है। जिससे नजीबाबाद में गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। गर्मी से परेशान लोग बारिश के लिए दुआएं कर रहे है।

# चिंगारी

## जल्द आ रहे हैं

# नये शाहकार

## चार नये कॉलम यानी चार धड़कन



## मेरा नाम करेगा रोशन...

( इस कॉलम में दीदार होगा जुगनुओं का )





## 90 +

( इस कॉलम में आप पढ़ेंगे : चलता-फिरता इतिहास और सिलेबस ज़िंदगी का )




## हमारी गली में..

( इस कॉलम में आप पढ़ेंगे : दास्तां फरिश्तों की )

## अपने शहर में..



( इस कॉलम में आप पढ़ेंगे : अपने शहर की ईसीजी रिपोर्ट / चिंगारी के पन्नों पर )

# वन आरक्षियों का भव्य दीक्षांत समारोह सम्पन्न



## प्रशिक्षणार्थियों ने कर्तव्यनिष्ठा की शपथ ली

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केंद्र कालागढ़ में वन आरक्षी प्रशिक्षण वर्ष (प्रथम सत्र) के प्रशिक्षणार्थी वन आरक्षियों का दीक्षांत समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे फील्ड डायरेक्टर कार्बेट टाइगर रिजर्व डॉ. साकेत बडोला को खेल मैदान में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उत्तराखंड के 15 अलग-अलग वन प्रभागों से आये सभी 25 प्रशिक्षणार्थियों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई।

तत्पश्चात निदेशक डॉ. साकेत बडोला द्वारा वन आरक्षी प्रशिक्षण (प्रथम सत्र) के परिणामों की घोषणा की गई। मेरिट सूची के आधार पर चयनित प्रशिक्षणार्थियों को पदक, ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। व्यवहारिक भाग, कंडक्ट नंबर एवं मौखिक परीक्षा के आधार पर भूमि संरक्षण वन प्रभाग, उत्तरकाशी के अनिलचन्द्र शाह ने प्रथम, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़ के गणेश सिंह बर्निया ने द्वितीय व राजाजी टाइगर रिजर्व, देहरादून के हिमांशु सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि वन्य जीव विज्ञान एवं स्थान, वन टोली विषय में प्राप्त अंकों के आधार पर अनिलचन्द्र शाह प्रथम व गणेश सिंह बर्निया तृतीय रहे। वहीं सामान्य ज्ञान, फर्स्ट एड तथा मौखिक परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर हिमांशु सिंह, शारीरिक दक्षता, समस्त व्यायाम/खेलकूद विषय में प्राप्त अंकों के आधार पर मुस्तफा अहमद, शस्त्र प्रशिक्षण रेंज निशानेबाजी में प्राप्त अंकों के आधार पर हिमांशु सिंह अव्वल रहे।

**मुख्य अतिथि डॉ. साकेत बडोला ने सभी नवप्रशिक्षित वन आरक्षियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण भाव से वन संरक्षण के दायित्वों के निर्वहन का आह्वान किया। तत्पश्चात कालागढ़ स्थित हाथी कैंप में वन्य जीव प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक अमित ग्वासी कोठी व वन क्षेत्र अधिकारी कालागढ़ नंदकिशोर रूवाली के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत 80 प्रजातियों के वृक्षों का परिसर के भीतर रोपण किया गया।**

# डीडीपीएस के विद्यार्थियों ने अस्पताल में किया पौधारोपण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** डीडीपीएस बिजनौर के कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं ने जिला अस्पताल बिजनौर में प्रधानाचार्य डीडीपीएस राजीव थॉमस, शारीरिक विज्ञान शिक्षक गोपाल त्यागी, योगेश कुमार, संजू सिंह, आदर्श त्यागी, शाजिया दीन के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। प्रधानाचार्य प्रदीप थॉमस ने बताया कि 1 जुलाई से 7 जुलाई 2026 तक संपूर्ण उत्तर प्रदेश में वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जामुन, नीम, कटहल, अमरूद व नींबू आदि के 50 से अधिक पौधों का रोपण छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी महेशचंद गौतम के मार्गदर्शन में यह वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। उन्हीं के द्वारा यह पौधे उपलब्ध कराए गए।



# 'हर घर नल से जल' योजना धरातल पर कब आएगी?

**स्योहारा ( चिंगारी )।** सरकार द्वारा चलाई गयी हर घर नल से जल योजना अभी तक सिर्फ कागजों में देखने को मिल रही है। धरातल पर उतरने में अभी और समय लगेगा। सड़कें तोड़ीं, पाइप लाइन बिछाई लेकिन पानी का नामोनिशान नहीं है। 15 अगस्त 2019 को शुभारंभ हुई योजना को वर्ष 2024 में धरातल पर आकर लोगों को स्वच्छ जल प्रदान करना था, लेकिन अभी तक योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। गांव मुजाहिदपुर खिड़का में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शुगर मिल से निकलने वाला गन्दा पानी गांव के पास से होकर जाता है, जिससे गांव के आसपास का पानी दूषित हो गया है। गहराई तक बोरिंग होने पर ही पानी सही निकलता है। गांव के लोग सरकारी नलों से पानी लाने को मजबूर हैं। हर घर नल से जल योजना शुरू हुई तो बहुत खुशी हुई कि घर पर पानी मिलेगा, लेकिन अब तक पानी न मिलने से लोगों को परेशानी हो रही है।




जल निगम अवर अभियंता राहुल यादव के अनुसार ये कार्य दो कम्पनियों को दिया गया था। दोनों ने 65 जगह योजना के अन्तर्गत कार्य शुरू किया था, जिसमें 35 जगह तक पानी पहुंचाया गया है। कहीं काम चल रहा और कहीं दिक्कत आने के कारण पुन: कार्य कराया जा रहा है। जल्द ही समय से पानी आएगा। अब कार्य पूर्ण करने का समय वर्ष 2028 रहेगा।

# श्रीराम कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## कथा व्यास ने बताया मतदान का महत्व

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर स्थित काकरान वाटिका में आयोजित श्री राम कथा के दूसरे दिन सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा का रसपान करने पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर होकर प्रभु श्रीराम के आदर्शों और मर्यादा का संदेश ग्रहण करते दिखाई दिए। कथा व्यास योगेंद्र माधव भारद्वाज महाराज ने व्यास पीठ से महर्षि वाल्मीकि, भगवान श्रीराम, श्रीहनुमान, भरत, शत्रुघ्न सहित रामायण के सभी प्रमुख पात्रों के चरित्र का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि रामायण के प्रत्येक पात्र का जीवन त्याग, सेवा, समर्पण, मर्यादा और धर्म का अनुपम उदाहरण है, जिससे प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरणा लेनी चाहिए। अपने प्रवचन के दौरान व्यास जी ने सनातन धर्म की एकता पर बल देते हुए मतदान के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से राष्ट्रहित



को सर्वोपरि रखते हुए योग्य और अच्छे नेतृत्व का चुनाव करने की अपील की तथा कहा कि सजग और जागरूक मतदान से ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान दुष्यंत कुमार ने पुष्प वर्षा कर व्यास पीठ का स्वागत किया और प्रभु श्रीराम के आदर्शों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। कथा के दौरान कथा समिति के पदाधिकारी श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं में पूरे समय सक्रिय रहे। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा श्रवण किया और धार्मिक वातावरण का आनंद लिया। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक किया जा रहा है।

# पेपर प्रजेंटेशन व मौखिक परीक्षा कल

**बिजनौर ( चिंगारी )। वर्धमान कॉलेज की एमए अर्थशास्त्र की द्वितीय सेमेस्टर की सेमिनार/पेपर प्रजेंटेशन/मौखिक परीक्षा 8 जुलाई को दोपहर 12 बजे अर्थशास्त्र विभाग में होना सुनिश्चित हुई है। उपरोक्त कक्षा के सभी विद्यार्थी निर्धारित समय एवं निर्धारित स्थान पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे। यह जानकारी डा. चारु दत्त आर्य, प्रभारी अर्थशास्त्र विभाग वर्धमान कालेज बिजनौर ने दी।**

# वन महोत्सव : भारतेंद्र ने मेडिकल कॉलेज में किया पौधारोपण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वन महोत्सव-2026 के चौथे दिन सोमवार को राज्य मेडिकल कॉलेज, बिजनौर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र ने नीम और आम के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने मेडिकल कॉलेज में उपस्थित लगभग 200 प्रशिक्षु डॉक्टरों का आह्वान किया कि वे एक-एक पौधा गोद लेकर उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण और समय-समय पर सिंचाई करना भी उतना ही आवश्यक है। पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र ने परिसर में लगे एक आम के पौधे को पानी के अभाव में सूखा हुआ देखकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि लगाए गए पौधों की उचित देखभाल नहीं होगी तो पौधारोपण अभियान का उद्देश्य पूरा नहीं हो सकेगा। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान स्वाहेड़ी, परवेंद्र, अजय, हिमानी, हेमेंद्र, राज्य मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य सहित कॉलेज का स्टाफ एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री की अनुकंपा से सहारनपुर में विकास की बयार : महापौर

## महापौर ने विनय नगर में किया सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ


विनय नगर में सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ करते महापौर डॉ. अजय कुमार।

**सहारनपुर ( चिंगारी )। महापौर डॉ. अजय कुमार ने वार्ड संख्या 48 के विनय नगर में नमो पार्क के निकट सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का पूजा अर्चना के साथ विधिवत शुभारंभ किया। सड़क व नाली निर्माण पर करीब साढ़े 12 लाख रुपये की लागत आयेगी।**

महापौर डॉ. अजय कुमार विनय नगर पहुंचे तो क्षेत्र के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। महापौर ने पूजा अर्चना के साथ सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुए कहा कि वार्डो में सीसी सड़क व नाली निर्माण से जहां क्षेत्र के लोगों को आवागमन और जल निकासी की सुविधा प्राप्त होगी, वहीं शहर के विकास में यह निर्माण अपनी भूमिका निभायेगा। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहारनपुर के विकास पर सर्वाधिक ध्यान दे रहे हैं। उनके मार्गदर्शन और अनुकंपा से ही सहारनपुर में विकास की बयार बह रही है। इस दौरान पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा, पार्षद दिग्विजय चौहान, मुकेश गक्खड, पार्षद ज्योति अग्रवाल, नामित पार्षद मनीष सचदेवा व अरुण गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि अनिल शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष अमित गर्ग के अलावा मांगेराम त्यागी, ठाकुर घनश्याम सिंह, सुधीर राणा,आशीष अग्रवाल, सुभाष सैनी व राहुल गांधी सहित अनेक गणमान्य नागरिक व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ रवाना



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर से बाबा अमरनाथ धाम की पवित्र यात्रा के लिए सात श्रद्धालुओं का जत्था श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुआ। यात्रा शुरू करने से पहले सभी श्रद्धालुओं ने स्थानीय बड़ा शिव मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। बड़ा शिव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के सम्मान में एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान परिजनों, मित्रों और क्षेत्रवासियों ने फूल-मालाएं पहनाकर यात्रा दल का स्वागत किया। 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। यात्रा पर रवाना होने वाले श्रद्धालुओं ने कहा कि बाबा अमरनाथ धाम की यात्रा शिवभक्तों की आस्था और विश्वास का सबसे बड़ा प्रतीक है। पवित्र गुफा में प्राकृतिक हिम शिवलिंग के दर्शन करना जीवन का सौभाग्य होता है। उन्होंने बताया कि बाबा बर्फानी के दरबार में पहुंचकर वे देश की उन्नति, समाज में भाईचारा, किसानों की समृद्धि और सभी लोगों के उत्तम स्वास्थ्य व सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करेंगे। अमरनाथ यात्रा पर रवाना हुए श्रद्धालुओं में प्रमोद अग्रवाल, अशोक कुमार रुहेला, संजय कुमार, विजयपाल सिंह, धर्मेंद्र कुमार, सुमित बिश्नोई और अनंत महेश्वरी शामिल रहे। इस अवसर राकेश कर्णवाल, सोनू कुमार, सुरेंद्र सिंह सैनी, मुन्ना फोटोग्राफर सहित अनेक लोगों ने श्रद्धालुओं को भावभीनी विदाई दी।

# ट्रांसफार्मर से मशीनों में करंट आने की बात गलत

**नहटौर ( चिंगारी )।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रयोगशाला में बायोकेमेस्ट्री, हेमेटोलॉजी मशीन में अचानक करंट आने लगा। लैब ऑपरेटर द्वारा मशीन में करंट आने की सूचना प्रभारी चिकित्साधिकारी को दी थी। जिनकी शिकायत पर तकनीकी टीम ने दो बार आकर जांच की। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का दावा था कि जांच में पाया था कि लैब के निकट लगे विद्युत ट्रांसफॉर्मर के कारण मशीनों में करंट आ रहा है। विद्युत विभाग की टीम ने जाकर जांच पड़ताल की और ट्रांसफार्मर से मशीनों में करंट आने के दावे को पूरी तरह से खारिज कर दिया। विद्युत विभाग एसडीओ अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि मशीनों में ही तकनीकी कमी के कारण करंट आ रहा होगा। ट्रांसफार्मर के कारण मशीनों में करंट आने का जो तर्क है वह पूरी तरह से गलत है।


फाइल फोटो

# एमडी अशोक कुमार की सेवानिवृत्ति के बाद समिति संचालक मंडल की पहली बैठक हुई

**नींन्दड़ू ( चिंगारी )।** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति नींन्दडू एवं धामपुर पर कार्यरत एमडी अशोक कुमार के सेवानिवृत्त हो जाने के बाद दोनों समितियों का कार्यभार एमडी उदयराज सिंह ने सम्भाल लिया है। जैसा कि रीति के अनुसार एक दिन सभी को पद और कुर्सी छोड़ना ही पड़ती है, उसी कड़ी में 30 जून 2026 को अशोक कुमार भी बी पैक्स धामपुर व नीन्दडू एमडी पद से सेवानिवृत्त हो गये। अशोक कुमार ने सहकारी समिति में सहयोगी से एमडी तक पहुंचने में बड़ी मेहनत और लगन से सेवा की। नींन्दडू सहकारी समिति का कार्य भार सम्हालने के बाद संचालक मंडल की प्रथम बैठक आहूत की गई। सभापति रऊफ अहमद व एमडी उदयराज सिंह के हस्ताक्षर कार्रवाई रजिस्टर में दर्ज कराकर बैंक व अन्य संस्थाओं के लिए भेजे गये। इस अवसर पर सभापति रऊफ अहमद व उपसभापति अकील अहमद एवं संचालक मंडल सदस्यों की उपस्थिति में एमडी उदयराज सिंह ने वसूली प्रक्रिया को तेज करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा



कि वह शीघ्र ही बकायादारों को नोटिस जारी कराएंगे और वसूली व्यवस्था को मजबूत बनाने का काम करेंगे। 30 जून तक वसूली लक्ष्यानुसार करने हेतु अखलाक अहमद, मौ. फैसल, शबाहत अली की बैठक में सराहना की गई।

# कटरे चुरा लिये

**चांदपुर ( चिंगारी )। पशु चोरों ने घर में बंधे दो कटरे चोरी कर लिये। काफी तलाश करने पर भी चोरी गए कटरों का कहीं अता-पता नहीं लग सका। ग्राम दत्तियाना निवासी संतोष देवी पत्नी विनोद कुमार ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसके दो कटरे घेर में बंधे हुए थे। रात्रि के समय चोर कटरे चुराकर ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।**

# कानून व्यवस्था को कायम रखना प्राथमिकता - मृदुल

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नवनियुक्त थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने कोतवाली परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि अफजलगढ़ क्षेत्र में अमन-चैन और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर तालमेल ही जुर्म पर प्रभावी रोक लगाने का सबसे मजबूत जरिया है। लोगों का भरोसा जीतना, उनकी शिकायतों का फौरन और इंसाफ़ के साथ निस्तारण करना तथा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता के जान-माल की हिफाजत के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति बेझिझक अपनी शिकायत पुलिस के सामने रख सकता है। हर शिकायत को गंभीरता से सुना जाएगा और कानून के मुताबिक बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि कानून तोड़ने वाले और अमन-चैन बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी, जबकि कानून का पालन करने वाले लोगों को पुलिस का पूरा सहयोग मिलेगा।



# महिला की मौत के मामले में अस्पताल को सील किया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** प्रसव के दौरान महिला की तबीयत बिगड़ने से महिला की मौत हो गई। शिकायत होने पर स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को सील कर दिया। ज्ञात हो कि निकटवर्ती ग्राम छितावर के देवेन्द्र ने अपनी पत्नी सोनी को प्रसव पीड़ा होने पर नजीबाबाद रोड पर स्थित न्यू लाइफ हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, जिसकी प्रसव के दौरान तबीयत बिगड़ गई थी, बाद में उसकी मृत्यु हो गई थी। परिवार वालों ने अस्पताल संचालकों पर आरोप लगाया था कि इलाज के दौरान सही उपचार नहीं मिला और लापरवाही



बरती गई। सोनी का शव अस्पताल के सामने रखकर कल सुबह हंगामा किया था। बाद में गणमान्य नागरिकों के बीच में पढ़ने पर दोनों पक्षों में फैसला हो गया था, लेकिन नगर के कुछ लोगों ने सीएमओ से फ़ोन पर शिकायत की थी, जिस पर डॉक्टर केपी सिंह के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर दी गई थी। डॉ. केपी सिंह ने अस्पताल पहुंचकर जांच शुरू की और अस्पताल को सील कर दिया। उल्लेखनीय है कि नगर में ऐसे अस्पतालों की बाढ़ सी आ गई है। लोगों ने नगर के अस्पतालों की सही से जांच करने की मांग की है।

# नहटौर के युवक की सोलापुर में छत से गिरकर मौत

**नहटौर ( चिंगारी )।** रोजगार की तलाश में महाराष्ट्र के सोलापुर गए नहटौर के एक 28 वर्षीय युवक की छत से गिरकर दर्दनाक मृत्यु हो गई। सोमवार को हुई इस दुखद घटना की सूचना जैसे ही युवक के परिजनों को लगी, उनमें चीख-पुकार मच गई। इस हादसे से पूरे मोहल्ले और स्थानीय क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, नहटौर के मौहल्ला तकियागढ़ी (पश्चिमी) निवासी इसरार का 28 वर्षीय पुत्र आफताब रोजी-रोटी की तलाश में सोलापुर गया था, जहां वह पेंटिंग का काम करता था। सोमवार को सोलापुर में भारी बारिश हो रही थी। बारिश से बचाव के लिए आफताब अपने रहने वाले स्थान की छत पर तिरपाल डालने गया था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह अनियंत्रित होकर सीधे छत से नीचे जा गिरा। ऊंचाई से गिरने के कारण उसे गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। खबर सुनते ही घर में मातम पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आफताब बेहद मेहनती लड़का था और अपने घर का मुख्य कमाने वाला सदस्य था। आफताब अपने सात भाइयों में छठे नंबर पर था। भाइयों के अलावा उसकी एक बड़ी बहन भी है। आफताब की मौत से पूरे मौहल्ले के लोग स्तब्ध हैं और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने के लिए उनके घर पर शुभचिंतकों का तांता लगा हुआ है। आफताब का शव घर लाने के लिए परिवार के सदस्य और करीबी रिश्तेदार महाराष्ट्र के सोलापुर के लिए रवाना हो गए हैं।



मृतक इसरार का फाइल फोटो

# बूढ़ी पुलिया से नहीं हो पाती पानी की निकासी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज के सामने स्थित पुलिया कई दशक पुरानी तथा वर्तमान परिस्थितियों में ज्यादा पानी की निकासी के लायक नहीं रह जाने के कारण थोड़ी देर की बारिश से ही मुख्य बाजार और पास की गली में भारी जलभराव हो गया। बारिश का पानी कई दुकानों के अंदर भी घुस गया। ज्ञातव्य है कि उक्त पुलिया बूढ़ी हो जाने के कारण पुलिया के स्लैब तथा सड़क का तल लगभग एक हो चुका है। पुलिया मिट्टी, कीचड़ से स्लैब तक अटी पड़ी है। यह पुलिया जर्जर भी हो चुकी है। स्लैब के सरिये बाहर निकलने लगे हैं। वर्तमान परिस्थितियों में पुलिया की सफाई संभव नहीं है। इस पुलिया से रोजमर्रा का पानी तो निकल जाता है, मगर बारिश का पानी घंटों बाद निकल पाता है। इस कारण बारिश होते ही बाजार तथा पास की गली में भारी जलभराव हो जाता है। पुलिया के पुनर्निर्माण हेतु सूबे के कैबिनेट मंत्री भूपेन्द्र चौधरी को प्रार्थना पत्र दिया गया है तथा पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन शैलेन्द्र कुमार सारस्वत को पूरे मामले से अवगत कराया गया है। देखना है कि पीडब्ल्यूडी कब तक मामले में प्रभावी कार्यवाही करता है।



नांगल के मुख्य बाजार में जल भराव का दृश्य।

# इंटर कॉलेज के पास मिली कमर हसन की लाश

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** गत दिवस नगर के आदर्श इंटर कॉलेज के पास एक व्यक्ति बेसुध हालत में पड़ा मिला जिसकी सूचना किसी ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गई, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित किया। मृतक की पहचान कमर हसन (50 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय अहमद हसन, निवासी मोहल्ला जैनुल आबदीन, निकट बेल वाली मस्जिद, अफजलगढ़ के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले। परिजनों के मुताबिक मृतक लंबे समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ था तथा पैरालिसिस की बीमारी से भी ग्रसित था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय बिजनौर भेज दिया। नवागत थाना प्रभारी मृदुल कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कारणों की स्पष्ट जानकारी होने एवं तहरीर आने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।



# बारिश से राहत मिली

**बिजनौर/नांगल सोती ( चिंगारी )। नांगल सोती। प्रचंड धूप और रिकॉर्ड उमस से जनित भयंकर गर्मी से बुरी तरह बिलबिला रहे लोगों की पुकार आखिरकार इंद्रदेव ने सुन ही ली। आज पूर्वाहन 11 बजे से बदरा झूमकर बरसे। कई दिनों से गर्मी से निढाल हो रहे लोग दिन-रात बारिश के लिये प्रार्थना कर रहे थे। आज लगा कि मानसून का प्रवेश हो गया है। पूर्व में हुई बारिश प्री मानसून नजर आई थी। बारिश होने से भयंकर गर्मी का सामना कर रहे लोगों को राहत मिली। लोगों ने परमपिता परमेश्वर तथा इंद्रदेव का हृदय से धन्यवाद किया।**

# प्रेमराज को दी भावपूर्ण विदाई



**पैजनियां ( चिंगारी )।** बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बीपैक्स) उमरी कलां के प्रबंध निदेशक प्रेमराज के सेवानिवृत होने पर रविवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सहकारी समिति परिसर में आयोजित विदाई समारोह में प्रबंध निदेशक प्रेमराज के कार्यकाल को बेहतर बताते हुए उनके द्वारा दी गई सेवा को समिति के सदस्यों ने सराहनीय बताया। इस अवसर पर समिति के चेयरमैन राजीव त्यागी, वर्तमान प्रबंध निदेशक शैलेंद्र सिंह, नहटौर समिति के प्रबंध निदेशक गणेश शर्मा, पूर्व प्रबंध निदेशक धर्मपाल, आंकिक बृजपाल सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर विकास कुमार, सेवानिवृत्त कबीर अहमद, सोनू चौधरी, चमन सिंह, डायरेक्टर चंद्रवीर, वीरेंद्र सिंह समेत सैकड़ों समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# होर्डिंग लगाने की होड़ लगी

**नहटौर ( चिंगारी )।** पालिका प्रशासन की रोक के बाद भी अवैध रूप से फ्लेक्सी और होर्डिंग लगे हुए हैं। प्रचार प्रसार हेतु फ्लेक्स होर्डिंग लगाने से संपर्क मार्गों पर अतिक्रमण बढ़ रहा है। वही पालिका को राजस्व हानि हो रही है। नहटौर नगर पालिका प्रशासन ने नगर में भवनों, सरकारी खम्बों पर प्रचार प्रसार हेतु अनुमति के बिना फ्लैक्सी बोर्ड और होर्डिंग लगने पर पूर्ण तरह से रोक लगा दी है। वर्तमान में नहटौर-धामपुर मार्ग, नहटौर-कोतवाली मार्ग, नहटौर-नूरपुर मार्ग, नहटौर हल्दौर मार्ग, नहटौर-झालू मार्ग पर फ्लेक्सी व होर्डिंग लगाने की प्रतिस्पर्धा चल रही है। होर्डिंग की बाढ़ आ गई है। कुछ स्थानों पर उनके लगने से जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। नागरिकों को आवागमन में बड़ी किल्लत का सामना करना पड़ता है।

# विशाल भंडारे और कलश विसर्जन के साथ भागवत कथा का समापन

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम कमालपुर पहाड़पुर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य भंडारे और अगले दिन पवित्र तीर्थ स्थल शुकतीर्थ (शुकताल) में कलश विसर्जन के साथ पूर्ण समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन जहां सुदामा चरित्र और श्री कृष्ण के विवाह प्रसंगों को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हुए, वहीं समापन के बाद आयोजित विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। अगले दिन सोमवार को मुख्य यजमान सहित भारी संख्या में ग्रामीण कलश यात्रा को लेकर शुकतीर्थ पहुंचे और गंगा जी में कलश विसर्जित किया। श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर विद्वान ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कुंड में आहुतियां डालकर क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि के लिए पूर्णाहुति दी गई। इसके बाद महाआरती संपन्न हुई और भव्य भंडारे का शुभारंभ किया गया। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ कमाया। धार्मिक परंपरा के अनुसार भंडारे के अगले दिन सुबह मुख्य यजमान हरिप्रकाश एवं उनकी पत्नी संतोष देवी की अगुवाई में ग्रामीण गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा लेकर पवित्र धार्मिक स्थल शुकतीर्थ के लिए रवाना हुए। शुकतीर्थ पहुंचकर श्रद्धालुओं ने शुकदेव आश्रम के दर्शन किए और फिर गंगा तट पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद पवित्र गंगा जी में कलश का विसर्जन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गंगा जी में आस्था की डुबकी भी लगाई और क्षेत्र की खुशहाली की मन्नत मांगी। सात दिनों तक चले इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में पूरी आयोजन समिति और ग्रामीणों का अभूतपूर्व सहयोग रहा। कलश विसर्जन और समापन के अवसर पर धर्मवीर सिंह सैनी, गुड्डी देवी, ओमेंद्र सिंह, अनीता देवी, जोगिंदर सिंह, पूनम देवी, रवि ठाकुर, रचना देवी, मगन सैनी, अमरकाली, विनोद सैनी, कमलेश सैनी, जयपाल सिंह, प्रभा देवी, ओमपाल सिंह, प्रभादेवी, देवेंद्र सिंह, गुड्डी देवी, कमलवीर सिंह, नीरज देवी, धर्मेंद्र सिंह, सम देवी, महिपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, वेदपाल सिंह, सतपाल सिंह, संतराम सिंह, जालंधर सिंह, जितेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, बलजीत सिंह, हेमराज सिंह, बेगराज सिंह, लाल सिंह, तेजपाल सिंह, पंकज ठाकुर, कौशल, अक्षय, गजेंद्र सिंह और नेपाल सिंह सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# बहुत खूंखार था डाकू सुल्ताना, उससे डरता था सारा जमाना

## अंग्रेजी सरकार पर भी था खौफ, लोग नाम लेने से डरते थे

-नौशाद मुल्तानी

नजीबाबाद (चिंगारी)। सुल्ताना एक बहुत ही खूंखार डाकू था। सुल्ताना के बारे में कई लेखकों द्वारा लिखी गई किताबों में इसका जिक्र है। अंग्रेजी सरकार पर भी सुल्ताना डाकू का अच्छा खासा खौफ था। सुल्ताना मात्र 17 साल की उम्र में डकैत बन गया था। 22 साल की उम्र में सुल्ताना डाकू का इतना खौफ पैदा हो गया था कि लोग इसका नाम लेने से भी डरते थे। सुल्ताना का जन्म मुरादाबाद के हरथला गांव में हुआ था, वह जाति का भातू था। भातू एक खानाबदोश जाति है। सुल्ताना का ननिहाल कांठ में था। जबकि अंग्रेजों ने भातुओं को कांठ से नवादा में बसा दिया था। सुल्ताना के नाना नवादा में आ बसे और उसका बचपन नवादा में गुजरा। सभी जानते हैं कि सुल्ताना हत्यारा नहीं था। बावजूद इसके उसे एक मुखिया की हत्या के जुर्म में फांसी हुई थी। जिम कार्बेट ने अपनी पुस्तक माई इंडिया में सुल्ताना 'इंडियन रॉबिनहुड' नाम के अध्याय में उसकी जमकर प्रशंसा की है। इतना ही नहीं, जिस पुलिस पदाधिकारी फ्रेड्रिक यंग ने उसकी गिरफ्तारी की थी, उसी ने सुल्ताना के पुत्र और पत्नी को पुराने भोपाल में बेलवाड़ी के पास बसाया। डॉ. एनसी शाह ने लिखा है कि जंगलों में सुल्ताना ने दो बार यंग और जिम कार्बेट की जिंदगी बख्शी थी। इससे डाकू सुल्ताना का उज्जवल चरित्र उजागर होता है। 1923 में फ्रेड्रिक यंग ने गोरखपुर से लेकर हरिद्वार तक ताबतोड़ 14 छापे मारे थे। आखिरकार 14 दिसम्बर 1923 को सुल्ताना अपने खास साथी पीताम्बर, नरसिंह, बलदेवा व भूरे के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था। करीब चार सौ साल पूर्व नजीबाबाद के ग्राम घिसटपुरी में नजीबाबाद के नवाब नजीबुद्दौला ने किला बनवाया था। बाद में इस किले पर सुल्ताना ने कब्जा कर लिया था, जिससे लोग इस किले को सुल्ताना डाकू के किले के नाम से भी जानते हैं।



अंग्रेजी हुकूमत द्वारा पकड़े जाने के बाद पैरों से बेड़ियों में जकड़ा डाकू सुल्ताना अंग्रेज पुलिस के साथ।

### अंग्रेजों की 315 जवानों की टीम के हाथ नहीं आया था

सुल्ताना डाकू का काफी बड़ा व मजबूत गैंग था। सुल्ताना ज्यादा समय जंगलों में छुपा रहता था। अंग्रेजों ने सुल्ताना को पकड़ने के लिए 300 जवानों की टीम बनाई थी, इसमें 15 घुड़सवार शामिल थे। जगह-जगह छापामारी व काफी प्रयास के बाद भी सुल्ताना डाकू अंग्रेजों के काफी सालों तक हाथ नहीं आया था।



### आगरा की जेल में दी गई थी फांसी

सुल्ताना पर नैनीताल की अदालत में मुकदमा चला था। वह मुकदमा नैनीताल गन केस के नाम से जाना जाता है। लम्बी कानूनी लड़ाई के बाद सुल्ताना को आगरा की जेल में फांसी दी गई थी।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई



नगीना (चिंगारी)। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती मनाई गई। भाजपा मंडल कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन चरित्र के बारे में विस्तार से बताया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपरांत भाजपा मंडल की बैठक का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत सभी कार्यकर्ताओं को प्रभारी द्वारा डिजिटल लर्निंग सर्टिफिकेट प्राप्त करने को कहा गया तथा शक्ति केन्द्र पर बैठक करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी मोनिका यादव, प्रांतीय पार्षद एड. रोहित कुमार रवि, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल, कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, मंडल अध्यक्ष अंजलि मित्तल, शिवशंकर सक्सेना, अरुण शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सौरभ मित्तल, महामंत्री पंडित सचिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सड़क पर गंदगी फैलाने वालों की अब खैर नहीं

### 8 दुकानदारों पर लगाया 1400 रुपये जुर्माना



नगीना (चिंगारी)। सड़क पर कूड़ा करकट व गद्गी डालने वाले तथा पॉलिथीन का प्रयोग करने वाले लोगों व दुकानदारों के खिलाफ अब पालिका ने कड़ी कार्रवाई करने का मन बना लिया है। पालिका प्रशासन द्वारा पहले दिन चलाए गए चैकिंग अभियान में आठ दुकानदारों से 1400 रुपये का नकद जुर्माना वसूला गया। पालिका के अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार के निर्देशन में सोमवार की दोपहर पालिका के सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा अपनी टीम के साथ नगर के मुख्य मार्ग पर गंदगी फैलाने वाले व पॉलिथीन का प्रयोग करने वाले दुकानदारों के खिलाफ चैकिंग अभियान पर निकले। उन्होंने बताया कि चैकिंग अभियान के दौरान तीन दुकानदारों से सड़क पर गंदगी फैलाने पर भविष्य के लिए चेतावनी देते हुए 300 रुपये का नकद जुर्माना वसूला गया, जबकि पांच दुकानदारों को पॉलिथीन का प्रयोग भविष्य में न करने की चेतावनी देते हुए उनके पास से करीब दो किलो पॉलिथीन जब्त करते हुए 1100 रुपये का नकद जुर्माना वसूला गया। इस दौरान उनके साथ आईटीसी के रजनीश कुमार व लोकेंद्र कुमार भी थे।

# जब इलाज है तो पीड़ा क्यों सहन कर रहे हैं?

## डॉ. सुधांशु चौधरी 9 जुलाई को बिजनौर में

-विपिन भारद्वाज

बिजनौर (चिंगारी)। क्या आप बवासीर, भगंदर, फिशर, गुदा फोड़ा अथवा अन्य कोलोरेक्टल रोगों से पीड़ित हैं, तो फिर देर क्यों कर रहे हैं? क्यों आप असहनीय पीड़ा, जलन, बेचैनी को झेलते हुए अपना जीवन कष्टदायक व असामान्य बना रहे हैं। जबकि नोएडा सहित अनेक महानगरों में प्रैक्टिस कर खासा नाम अर्जित करने वाले गुदा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधांशु चौधरी MS (Anorectal Surgeon) को दिखाने के लिये आपको कहीं बाहर नहीं जाना है। वह माह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को बिजनौर में बैराज रोड स्थित सुश्रुत कोलेरेक्टल सेंटर तथा प्रत्येक शुक्रवार को बास्टा (चांदपुर) में श्री साईं हॉस्पिटल में बैठकर क्षेत्र के मरीजों का उपचार कर रहे हैं। यह उनके लंबे अनुभव व विशेषज्ञता का ही प्रमाण है कि बिना आप्रेशन, बिना भर्ती किये नयी तकनीक से जिससे रोगी को जीवन में इन रोगों की पुनरावृत्ति न ही होती है, स्थायी उपचार कर रहे हैं।



### खाने की थाली में होता है अच्छा स्वास्थ्य

गुदा रोगों के संबंध में डॉ. सुधांशु का कहना है कि हमेशा ध्यान रखें कि अच्छे स्वास्थ्य की शुरूआत अस्पताल से नहीं, बल्कि आपकी खाने की थाली से होती है। फाइवर युक्त भोजन व मौसमी फल ज्यादा खायें, अनियमित दिनचर्या से बढ़ता मोटापा, पानी का कम प्रयोग, कब्ज, शौच में ज्यादा देर व जोर लगाना, लम्बी सीटिंग आदि से आंतों के स्वास्थ्य के खराब हो जाने के फलस्वरूप गुदा रोग हो जाते हैं। सभी रोगों के मूल में पेट की अहम भूमिका होती है, अत: कब्ज बिल्कुल न होने दें। भोजन के उपरांत सौंफ-मिश्री खाने को अपनी रोज की आदत बनायें।

संक्रमण से बचने के लिये सफाई पर विशेष ध्यान दें। याद रखें सुरक्षित और स्मूथ रिकवरी सही देखभाल से ही शुरू होती है।

### शर्म-संकोच छोड़कर उपचार करायें

खुजली, दर्द, ब्लड आना आदि को आप बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें। यह एक सामान्य समस्या है। शर्म-संकोच को छोड़कर रोग के आरम्भिक चरण में मात्र 10 मिनट के ट्रीटमेंट से मात्र 10 दिनों में ही आप बिल्कुल रोग मुक्त होकर अपने सामान्य जीवन में वापस लौट सकते हैं। साथ ही इसमें लापरवाही बरतने का मतलब छोटी समस्याओं को बड़ा कर अनेक जटिलताओं को जन्म देना जैसा है। साथ ही यह भी भली प्रकार समझ लेना चाहिए कि इन रोगों को घरेलू उपचारों व नीम हकीमों के फेरों में पड़कर ठीक नहीं किया जा सकता। समय पर समुचित इलाज न कराने पर यह कैंसर जैसी घातक बीमारी का रूप भी ले सकती है।



किसी भी शंका के समाधान के लिये मो. 7302127966, 9411226422, 9871884104 पर संपर्क करें।

-डॉ. सुधांशु चौधरी

# नर्सों में कौशल सुदृढ़ करने के लिए एम्स में पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** क्लिनिकल नर्सों में अनुसंधान संबंधी ज्ञान एवं कौशल को सुदृढ़ करने तथा साक्ष्य-आधारित नर्सिंग प्रैक्टिस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एम्स ऋषिकेश में पांच दिवसीय कार्यशाला के पहले दिन विशेषज्ञों ने एविडेंस बेस्ड प्रैक्टिस को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने एविडेंस-बेस्ड प्रैक्टिस विषय पर एक ज्ञानवर्धक सत्र को संबोधित किया और क्लिनिकल निर्णय लेने तथा रोगी की देखभाल की गुणवत्ता में सुधार के लिए अनुसंधान साक्ष्यों को दैनिक नर्सिंग प्रैक्टिस में शामिल करने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के बारे में मुख्य नर्सिंग अधिकारी डॉ. अनिता रानी कंसल ने बताया कि संस्थान में नर्सिंग सर्विसेज के कंटिन्यूइंग नर्सिंग एजुकेशन (सी.एन.ई.) सेल द्वारा क्लिनिकल नर्सों के लिए यह कार्यशाला आयोजित की गयी है जो 5 दिनों तक संचालित होगी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दौरान रिसर्च मेथडोलॉजी एवं वैज्ञानिक प्रकाशन के विभिन्न पहलुओं पर कई विशेषज्ञ अकादमिक एवं इंटैरेक्टिव सत्रों का संचालन करेंगे। कार्यशाला में डॉ. के. राजराजेश्वरी, डॉ. संदीप कुमार सिंह, डॉ. श्रीलॉय मोहंती विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान डॉ. रवि कुमार, जीनो जैकब व सुश्री सुमन चौधरी, नर्सिंग सुश्री राम्या टी. सहित बड़ी संख्या में डी.एन.एस, ए.एन.एस, एस.एन.ओ और नर्सिंग ऑफिसर मौजूद रहे।

# विद्यालयों के समायोजन का विरोध जारी

## शिक्षक-अभिभावक कर रहे आंदोलन की तैयारी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शिक्षा विभाग की ओर से दुगड्डा ब्लाक के दो विद्यालयों का एक विद्यालय में विलयीकरण के आदेश का विरोध लगातार जारी है। अन्य शिक्षक संगठनों व अभिभावकों के साथ ही राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड की शाखा दुगड्डा से जुड़े शिक्षकों ने भी राउमावि आमसौड़ व राबाइंका दुगड्डा का राइंका दुगड्डा में विलय का विरोध किया है। इस संबंध में सोमवार को दुगड्डा में आयोजित बैठक में शाखा अध्यक्ष दीपक नेगी ने कहा कि यह निर्णय पहाड़ की भौगोलिक परिस्थितियों को अनदेखा कर लिया गया है। इस निर्णय के संबंध में विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों या अभिभावकों से वार्ता ही नहीं की गई। कहा कि छात्रों को पहले ही 5-6 किमी चलकर आमसौड़ स्थित विद्यालय में पहुंचना पड़ता था, अब उन्हें दुगड्डा पहुंचने के लिए दुगनी दूरी तय करनी होगी। आमसौड़ स्थित विद्यालय में क्षेत्र के लगभग 8-9 गांवों के 51 बच्चे अध्ययनरत हैं, जो एक विद्यालय को संचालित करने के लिए पर्याप्त संख्या है। इस तरह के विलयीकरण से शिक्षकों व अभिभावकों में रोष बढ़ता जा रहा है। चेतावनी दी कि समायोजन के निर्णय को वापस नहीं लिया गया तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जायेगा।बैठक में विनय रावत, भाष्कर भारद्वाज, प्रभाकर बमराड़ा, नीलम चौधरी, मधुसूदन और प्रशांत सिंह सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# उत्तराखंड में मानसून का असर बरकरार, कई जिलों में भारी बारिश के आसार

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में मानसून पूरी तरह सक्रिय है और प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में लगातार बारिश का दौर जारी है। बीते सप्ताह कई क्षेत्रों में भारी बारिश और तेज वर्षा की बौछारों ने जनजीवन को प्रभावित किया। वहीं, मौसम विभाग ने आगामी दिनों के लिए भी बारिश का सिलसिला जारी रहने का पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के निदेशक डॉ. सीएस तोमर के अनुसार राज्य के कई जनपदों में अगले कुछ दिनों के दौरान भारी वर्षा होने की संभावना है। कुछ स्थानों पर बारिश के तीव्र से अति तीव्र दौर भी देखने को मिल सकते हैं। मौसम विभाग ने संभावित खराब मौसम को देखते हुए प्रदेश के विभिन्न जिलों के लिए येलो

## मौसम विभाग ने प्रदेशभर के लिए येलो अलर्ट जारी किया

अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक पर्वतीय और मैदानी दोनों क्षेत्रों में रुक-रुक कर तेज बारिश हो सकती है। लगातार हो रही बारिश के चलते भूस्खलन संभावित क्षेत्रों, नदी-नालों और संवेदनशील मार्गों पर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। विभाग का कहना है कि आगामी एक सप्ताह तक मौसम का मिजाज लगभग इसी तरह बना रह सकता है। ऐसे में लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने, मौसम संबंधी अपडेट पर नजर रखने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने भी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति से समय रहते निपटा जा सके। पहाड़ी जिलों में रहने वाले लोगों और यात्रियों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है।

# कांवड़ मेले के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व यातायात व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** आगामी कांवड़ मेले के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, प्रभारी निरीक्षक यातायात, वरिष्ठ उपनिरीक्षक कोतवाली ऋषिकेश द्वारा ऋषिकेश क्षेत्र में व्यापक भ्रमण कर सुरक्षा, यातायात व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें प्रमुख मार्गों, चौराहों, पार्किंग स्थलों तथा कांवड़ यात्रा से संबंधित संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण करते हुए यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग, डायवर्जन, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों द्वारा कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात को सुचारु बनाए रखने, श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने तथा कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्क एवं संवेदनशील रहते हुए आमजन एवं कांवड़ियों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस प्रशासन ने आगामी कांवड़ मेले को सकुशल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए आमजन से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें, पुलिस द्वारा जारी यातायात डायवर्जन एवं दिशा-निर्देशों का सहयोग करें किसी भी असुविधा की स्थिति में निकटतम पुलिस कर्मी अथवा कंट्रोल रूम से संपर्क करें।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# नशा करने से रोकने पर बेटे ने मां को गोली मारी, नाजुक हालत में एम्स में भर्ती

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के ऋषिकेश में विस्थापित कॉलोनी में नशा करने से रोकने पर एक बेटे द्वारा अपनी ही बुजुर्ग मां को गोली मार दी गई, इस पर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष

## घटना पर महिला आयोग अध्यक्ष ने त्वरित लिया स्वतः संज्ञान



महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल

कुसुम कण्डवाल ने त्वरित स्वतः संज्ञान लिया है। जानकारी के अनुसार, नशे के आदी आरोपी सुमित गौड़ ने अपनी 63 वर्षीय माता ऊषा देवी के सिर में तमंचे से गोली मार दी, जिसके बाद पीड़ित महिला को नाजुक हालत में एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। इस अत्यंत संवेदनशील और अमानवीय घटना पर गहरी चिंता और नाराजगी व्यक्त करते हुए महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने तत्काल प्रभारी निरीक्षक एसओ ऋषिकेश से फोन पर वार्ता की। उन्होंने निर्देश दिए कि इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वाले अपराधी के विरुद्ध बिना किसी ढिलाई के कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आयोग की अध्यक्ष ने इस निंदनीय घटना पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यह हमारे सामाजिक ताने-बाने और संस्कारों पर भी एक बड़ा आघात है। नशाखोरी देवभूमि की युवा पीढ़ी को खोखला कर रही है और घरों को तबाह कर रही है, जिसे अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि हमारा यह दृढ़ प्रयास रहेगा कि पूरे उत्तराखंड में नशे के विरुद्ध एक व्यापक और सघन जन जागरुकता अभियान चलाया जाएगा ताकि भविष्य में किसी भी मां या परिवार को इस तरह की प्रताड़ना का शिकार न होना पड़े। अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने समाज और युवाओं को इस सामाजिक बुराई से बचाने के लिए मातृशक्ति की अहम भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आयोग इस अभियान को मजबूत करने के लिए पुलिस के साथ मिलकर प्रदेश भर की मातृशक्ति को इस विशेष मुहिम में शामिल करेगा।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# 'माता भूमि- पुत्रोऽहं पृथिव्या' के भाव से उत्तर प्रदेश बनाएगा नया पौधरोपण रिकॉर्ड- योगी

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'माता भूमि- पुत्रोऽहं पृथिव्या' के भाव को आत्मसात करते हुए उत्तर प्रदेश 12 जुलाई को आयोजित होने वाले वृक्षारोपण महाभियान-2026 के तहत एक ही दिन में 35 करोड़ पौधे लगाकर नया कीर्तिमान स्थापित करेगा।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, महापौरों, जिला पंचायत अध्यक्षों, नगर निकायों के अध्यक्षों, ब्लॉक प्रमुखों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों, पार्षदों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पौधरोपण अभियान जनभागीदारी का स्वरूप ले चुका है। पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में 247 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) पर भी पांच करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया गया था।

अब 12 जुलाई को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों से अगले दो दिनों में अधिकारियों, वन विभाग और स्थानीय संस्थाओं के साथ बैठक कर पौधरोपण स्थलों का चयन करने तथा आवश्यक पौधों की मांग जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने निर्देश दिए कि इस वर्ष अभियान के तहत महर्षि चरक औषधि वन, समरस वन, समृद्धि वन, कृषि वन, ऊर्जा वन और कपि वन जैसे विशेष वन विकसित किए जाएं। इसके साथ ही मिशन छाया, अविरल धारा पौधरोपण, सहजन भंडारा और आम भंडारा जैसे कार्यक्रम भी अभियान का हिस्सा होंगे।

सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थलों पर छायादार वृक्ष लगाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पात्र किसानों को भी अभियान से जोड़ा जाए। अमृत सरोवरों, नदियों के किनारों, राजमार्गों, एक्सप्रेसवे तथा खाली सरकारी भूमि पर फलदार और छायादार पौधे लगाए जाएं। गंगा, यमुना सहित अन्य नदियों के तटों पर सघन वृक्षारोपण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा और संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्रत्येक पौधे के लिए ट्री गार्ड, नियमित सिंचाई और देखभाल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि वन एवं उद्यान विभाग की नर्सरियों में इस समय 57 करोड़ से अधिक पौधे उपलब्ध हैं, जिनमें फलदार, औषधीय, इमारती और सजावटी प्रजातियों के पौधे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि वर्तमान और भावी पीढ़ियों के प्रति राष्ट्रीय दायित्व है। ग्लोबल वार्मिंग, अनियमित वर्षा और प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपाय है। इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू किया है, जिसमें उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना


डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A.,
F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

DISTANCE AND ONLINE COURSES
➢MBA ➢MCA ➢M LIB
➢MA (JMC) ➢M.Sc
➢BBA ➢BCA ➢B LIB
➢BA (JMC) ➢B.Sc
ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION
MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR
PH. 9410600428, 9868264774


खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476


Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt
Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150

CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT
WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP
BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based
SEELAN BLOCK
सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा

8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर